4 रायपुर संभाग
गरियाबंद में मंत्री अमरजीत भगत ने ध्वजारोहण...

6 अभिमत
किसान नाराज और निराश, 'बजट' पर टिकी है आस

8 बस्तर संभाग
मुख्यमंत्री ने जगदलपुर में किया ध्वजारोहण

9 छत्तीसगढ़
गरिमामय ढंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 28 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 159 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### लता मंगेशकर के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार



**मुंबई।** कोरोना संक्रमण से जूझ रहीं प्रख्यात गायिका लता मंगेशकर के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद डॉक्टरों ने उनको वेंटिलेटर से हटा दिया है। स्वर कोकिला की सोशल मीडिया टीम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक लता दीदी का इलाज अभी मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) में चल रहा है। पोस्ट में कहा गया, उन्होंने स्वस्थ्य में सुधार के संकेत दिये हैं।

### हॉकी इंडिया ने हॉकी पंजाब को किया निलंबित

**जालंधर।** भारत में हाकी का संचालन करने वाली संस्था हाकी इंडिया ने पंजाब हाकी के चुनावों में हुई धांधली का कड़ा संज्ञान लेते हुए पंजाब हाकी को निलंबित कर दिया है। हॉकी पंजाब और पंजाब खेल विभाग में पैर पसार चुके 'खेल माफिया' के खिलाफ बतौर स्पोर्ट्स व्हिसलब्लोअर के रूप में लामबंद हुए इकबाल सिंह संधू ने गुरूवार को इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि हॉकी पंजाब के पदाधिकारियों के चुनाव में हॉकी पंजाब द्वारा की गई अनियमितताओं का हॉकी इंडिया ने कड़ा संज्ञान लिया।

# बस्तर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी : सीएम भूपेश

## मुख्यमंत्री ने किया 109 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ सहित समूचे बस्तर के विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा बस्तर के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी। बघेल ने कहा कि हम सब मिलकर जनभावनाओं के अनुरूप गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के तर्ज पर एक खुशहाल, समृद्ध एवं शांतिपूर्ण बस्तर का निर्माण कर विकास की गंगा बहायेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने आज अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान दलपत सागर के समीप समुंद चौक में आयोजित कार्यक्रम में 109 करोड़ रूपए लागत के कुल 29 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने 41 करोड़ 31 लाख रूपए के कुल 21 कार्यों का लोकार्पण एवं 68 करोड़ 10 लाख रूपए के कुल 8 कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार के तीन वर्षों के विकास कार्यों पर आधारित जनसम्पर्क विभाग की पत्रिका 'न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल' का विमोचन भी किया। सभा स्थल में पहुंचने के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने समुंद चौक में स्थित भगवान राम एवं कृष्ण के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं बस्तर की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सांसद दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम, महापौर सफीरा साहू, क्रेडा के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद, निगर निगम के सभापति कविता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण जगदलपुर एवं बस्तर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालीकोंटा में आज अमृत मिशन योजनातंर्गत सिवरेज मास्टर प्लांट का लोकार्पण होने से जगदलपुर शहर की पहचान ऐतिहासिक दलपत सागर में जाने वाली शहर की गंदे पानी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि इनके माध्यम से गंदे पानी को शुद्धीकरण के बाद इन्द्रावती नदी में छोड़ा जाएगा। बघेल ने कहा कि आज से कुछ साल पहले शहर के इस ऐतिहासिक दलपत सागर जल कुंभियों से लदा रहता था। लेकिन हमारी सरकार एवं नगर निगम के प्रयासों से दपलत सागर आज जलकुंभी की समस्या से मुक्त होकर एक स्वच्छ, सुन्दर एवं मनोरम तालाब बन गया है। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान समाज के प्रत्येक क्षेत्रों में निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दन्तेवाड़ा जिले के छिन्दनार में अबूझमाड़ एवं महाराष्ट्र को जोड़ने वाली पुल का लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान बस्तर में किसानों के उत्थान, आवागमन की सुविधा, पर्यटन के माध्यम से रोजगार का सृजन आदि विभिन्न विकास कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। बघेल ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा बस्तर में हवाई सुविधाओं का विस्तार, फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना, स्वामी आत्मानंद आदर्श अंग्रेजी माध्यम स्कूल, ई-लाईब्रेरी आदि की स्थापना के अलावा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं खेलकूद के लिए जरूरी मदद एवं अनुकूल परिवेश प्रदान किया जा रहा है। बस्तर एवं आदिवासियों की कला, संस्कृति, भाषा-बोली, जीवन शैली आदि को भी सहेजने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बादल संस्था मिल का पत्थर साबित होगा। सांसद दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ एवं बस्तर में हुए विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोरोना कॉल के विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य निर्बाध गति से जारी रहा है। जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हो सका है।

# कोवैक्सिन और कोविशील्ड अब खुले बाजार में मिलेंगे

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार ने गुरुवार को कोविड का तीसरा टीका पूरी पात्र आबादी को देने से फिलहाल इन्कार करते हुए भारत में निर्मित कोविड टीके 'कोवैक्सिन और कोविशील्ड' को सशर्त खुले बाजार में उतारने की मंजूरी दे दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने एक ट्वीट में इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नियामक ने दो कोविड टीकों 'कोवैक्सिन और कोविशील्ड' को सशर्त बाजार में उतारने की मंजूरी दी गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने एक संवादाता सम्मेलन में कहा कि टीका लगाने वाले संस्थानों को यह टीका कोविन ऐप पर पंजीकृत करना होगा और छह महीने तक निगरानी के बाद संबंधित डाटा नियामक को देना होगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने 19 जनवरी को वयस्क आबादी में शर्तों के साथ नई दवा की अनुमति देने के लिए आपातकालीन स्थितियों में प्रतिबंधित उपयोग से टीकों की सिफारिश की।

अग्रवाल ने कहा कि देश में पूरी पात्र आबादी को कोविड का तीसरा टीका देने पर फिलहाल कोई विचार विमर्श नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि टीका देने के संबंध में एक विशेषज्ञों की समिति विचार करती है और उसी के आधार पर निर्णय किया जाता है। फिलहाल इस संबंध में कोई चर्चा नहीं चल रही है।

# तीन साल में भारत-मध्य एशिया कनेक्टिविटी को मजबूत बनायें : मोदी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने मध्य एशियाई देशों के साथ आपसी सहयोग को क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए अनिवार्य बताते हुए आज कहा कि अगले तीन वर्षों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करके सहयोग बढ़ाने का एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया जाना जरूरी है। मोदी ने वर्चुअल माध्यम से आयोजित प्रथम भारत-मध्य एशिया शिखर बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। बैठक में कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्त तोकायेव, किर्गीज गणराज्य के राष्ट्रपति सदीर जापारोव, उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन, तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति गुरबांगुली बर्दीमुहामदो शामिल हुए। मोदी ने अपने आरंभिक उद्बोधन में कहा कि भारत और मध्य एशिया देशों के राजनयिक संबंधों ने 30 सार्थक वर्ष पूरे कर लिए हैं। पिछले तीन दशकों में हमारे सहयोग ने कई सफलताएं हासिल की हैं। अब इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर, हमें आने वाले सालों के लिए भी एक महत्वाकांक्षी विज़न परिभाषित करना चाहिए जो बदलते विश्व में हमारे लोगों खासकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाएं पूरी करता हो। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय स्तर पर मध्य एशिया के सभी देशों के साथ भारत के घनिष्ठ संबंध हैं। कज़ाखस्तान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भागीदार है। हाल ही वहां जानमाल के नुकसान पर भारत दुख प्रकट करता है। उज़्बेकिस्तान के साथ भारत के राज्यों की भी साझीदारी है। किर्गीज गणराज्य के साथ शिक्षा एवं ऊंचाई वाले क्षेत्रों से संबंधित शोध एवं अनुसंधान में साझीदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

# 5 साल के मासूम का मलद्वार बनाया, मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अनिल दुबे और उनकी टीम ने 5 साल के मासूम को दर्दभरी पीड़ा से राहत दी हैं। मासूम का जन्म से ही मलद्वार नहीं था, जिसके बाद उसकी सर्जरी अन्य अस्पताल में हुई। लेकिन इसके बाद भी मरीज को राहत नहीं मिली और कुछ वर्षों बाद तकलीफ बढ़ गई और बनाएं गए मलद्वार से बाथरूम होने लगा। लेकिन कई जगह जांच के बाद मासूम को श्री बालाजी हॉस्पिटल में चेकअप के लिए लाया गया, यहां जांच के बाद पुनः डॉक्टरों ने एक ऑपरेशन कर नए मलद्वार बनाने और पेशाब के रास्ते में रूकावट को दूर करने के लिए ऑपरेशन किया। ये पूरा ऑपरेशन अस्पताल में मौजूद नई तकनीकी सुविधाओं से किया गया, जिससे मासूम 4-5 दिन में ही पूरी तरह स्वस्थ्य हो गया और मासूम को गुरुवार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ. अनिल दुबे की टीम मे डॉ निकिता पटेल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ अमित अग्रवाल ऐनेस्थेटिक एवं ओटी स्टाफ़ - लता, नरेंद्र चौहान आदि शामिल थे।

### क्या कहते है डॉ अनिल दुबे?

इस मासूम को जो बीमारी थी उसे ऐना रेक्टर मालफार्मेशन (पाउच कोलोन टाइप 4) कहते हैं। यह भारत में हजारों बच्चों में किसी एक को होती है। ऐसे बच्चे में जन्म के समय मलद्वार नहीं बना होता है। अन्य अंगों में भी गड़बड़ी हो सकती है, जिसका इलाज सर्जरी से ही हो सकता है। सही समय पर इलाज नहीं होना जानलेवा हो सकता है। पचास से साठ फीसद बच्चे यदि चौबीस घंटे के भीतर पीडियाट्रिक सर्जन के संपर्क में आ जायं तो यह आपरेशन एक बार में ही हो सकता है, पर उचित सलाह के अभाव में स्थिति काफी जटिल हो सकता है।

### विधानसभा के चुनाव टालने को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक जनहित याचिका दायर कर फरवरी-मार्च में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को अगले कुछ महीने या हफ्तों के लिए स्थगित करने का निर्देश चुनाव आयोग को देने की गुहार लगाई गई है। दिल्ली के कांग्रेस नेता जगदीश शर्मा ने वकील रूद्र विक्रम सिंह और मनीष कुमार के माध्यम से दायर इस याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार अदालत से लगाई। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता की हैसियत से जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में अस्थाई तौर पर चुनाव स्थगित करने की गुजारिश के साथ-साथ कोविड-19 के नए स्वरूप से निपटने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में केंद्र और दिल्ली सरकार को विस्तार से जानकारी देने का निर्देश की गुहार अदालत से लगाई है।




## ग्रीष्मकालीन अभियान के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन कृषि मंत्री की अध्यक्षता में हुआ

# कृषि लाभप्रद हो व किसानों के जीवन स्तर में बदलाव आए : तोमर

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि हमारा उद्देश्य एक ही है कि कृषि उन्नत और लाभप्रद हो, उत्पादकता बढ़े व किसानों के जीवन स्तर में बदलाव आएं, जिसके लिए नई ईजाद किस्मों का उपयोग भी राज्यों को योजनाबद्ध तरीके से करना चाहिए।

ग्रीष्मकालीन अभियान के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन तोमर की अध्यक्षता में हुआ। इसमें तोमर ने कहा कि ग्रीष्मकालीन फसलें न केवल अतिरिक्त आय प्रदान करती हैं बल्कि रबी से खरीफ तक किसानों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करती हैं और फसल की तीव्रता में भी वृद्धि होती है। सरकार ने दलहन, तिलहन व पोषक-अनाज जैसी ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये नई पहल की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे देश की विविध भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां है, जिन्हें ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु की फसलें ज्यादा से ज्यादा ली जाना चाहिए। ये किसानों को कम लागत तथा कम समय में अतिरिक्त आमदनी देने वाली होती है, राज्यों और किसानों के सहयोग से जायद फसलों का रकबा बढ़ रहा है। किसानों के सहयोग व सरकारी प्रयासों से चावल सहित जायद फसलों का रकबा 2017-18 में 29.71 लाख हेक्टेयर से 2.7 गुना बढ़कर 2020-21 में 80.46 लाख हेक्टेयर हो गया है। तोमर ने कहा कि देश में कृषि व किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है और राज्यों के साथ पूरी गंभीरता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि गत सीजन में उवर्रकों के मामले में कुछ जगह एकाएक परिस्थितियां पैदा हुई और कुछ लोगों ने अनावश्यक तूल दिया पर केंद्र और राज्य सरकारें पहले से सजग थी, इसलिए सबने मिलकर सूझबूझ से समस्या पर नियंत्रण पाने में सफलता हासिल की। कृषि मंत्री ने कहा कि देश को जितने फर्टिलाइजर की आवश्यकता थी, वह पूरी मात्रा केंद्र सरकार ने उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयत्न किया है, आगामी सीजन के लिए भी राज्य सरकारें आवश्यक कार्यवाही कर एडवांस में पर्याप्त उर्वरक ले लें। किसानों को फर्टिलाइजर की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। सम्मेलन में उर्वरक सचिव यह बात स्पष्ट कर चुके हैं। तोमर ने फर्टिलाइजर के अन्य विकल्पों का अधिकाधिक उपयोग करने पर जोर देते हुए कहा कि केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कम होना चाहिए, जिसके लिए एडवांस प्लानिंग की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोविड की विषम परिस्थितियों के बावजूद किसानों ने अथक परिश्रम किया, जिससे वर्ष 2020-21 में 3086.47 लाख टन खाद्यान्न (चौथे अग्रिम अनुमान अनुसार) का उत्पादन हुआ, जो एक सर्वकालिक रिकॉर्ड है। दलहन व तिलहन का उत्पादन क्रमशः 257.19 और 361.01 लाख टन के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। कपास का उत्पादन 353.84 लाख गांठ होने का अनुमान है जिसके कारण भारत का विश्व में पहले स्थान पर पहुंचना तय है। उत्पादन और उत्पादकता के मोर्चे पर, बागवानी क्षेत्र ने पारंपरिक खाद्यान्न फसलों से भी बेहतर प्रदर्शन किया है।





























संकलन कर्ता :- रियाज अत्तारी, ब्यूरोचीफ, कवर्धा मोबाईल - 8103519626

राष्ट्रीय अखबार पायनियर हमेशा सच के साथ

# 73वीं गणतंत्र दिवस के अवसर की कुछ झलकियाँ...



मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे झंडारोहण करते हुए, साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं एसपी सदानंद कुमार



राष्ट्रगान का सम्मान करते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह, साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं एसपी सदानंद कुमार



शांति के दूत श्वेत कपोत को आसमान की ओर छोड़ते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संगीता सिन्हा



हर्ष व उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे को आसमान की ओर छोड़ते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संगीता सिन्हा



मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे, साथ में मौजूद कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं एसपी सदानंद कुमार



उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला समूह को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संगीता सिन्हा



पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में बेहतर कार्य करने शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संगीता सिन्हा



पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में बेहतर कार्य करने शिक्षक को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संगीता सिन्हा



परेड की सलामी लेते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संगीता सिन्हा



73वीं गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का लुत्फ उठाते हुए संजारी बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा

## बालोद जिले में मनाई गई गरिमामय वातावरण में बड़े ही हर्षोल्लास से लोकतंत्र त्यौहार की झलकियां...





73वीं गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का लुत्फ उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर




73वीं गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का लुत्फउठाते हुए गुंडरदेही विधायक एवं संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद और साथ में मौजूद कलेक्टर जनमेजय महोबे



73वीं गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का लुत्फउठाते हुए पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.विनोद कुजूर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह



जिला सयुंक्त कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे साथ में मौजूद सभी अधिकारी-कर्मचारीगण



जिला सयुंक्त कार्यालय परिसर में स्तिथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में फूलों की माला अर्पण करते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे



डीपीआरसी भवन में ध्वजारोहण करती हुई जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव



पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में बेहतर कार्य करने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल साल्हे में पदस्थ श्रीमती शिल्पी राय को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत करते हुए वरिष्ठ अधिकारी



उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौठान समिति को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि गुरुदयाल सिंह बंजारे, साथ में मौजूद संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं विधायक संगीता सिन्हा





दर्शकदीर्घा में बैठे गणमान्य नागरिक पुरुषोत्तम पटेल, रतीराम कोसमा, अनिल यादव, संजय चंद्राकर, चंद्रेश हिरवानी, डॉ. महमल्ला





जिला पंचायत परिसर में ध्वजारोहण पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रप्रभा सुधाकर, ललिता पीमन साहू, जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ हेमन्त ठाकुर, जिला मनरेगा अधिकारी ओमप्रकाश साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारीगण



गुरुर थाना क्षेत्रान्तर्गत 15 गावों में वर्ष 2021 में किसी भी प्रकार के अपराध घटित नही होने पर गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी द्वारा ग्राम प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र, शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित



जिला मुख्यालय बालोद स्तिथ कंट्रोल रूम में ध्वजारोहण करते हुए पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार



कंट्रोल रूम में ध्वजारोहण पश्चात पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, नवनीत कौर, एसएस मौर्य, राजेश बागड़े एवं अन्य अधिकारीगण



परेड की सलामी लेते हुए पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार

संकलनकर्ता:- रवि भूतड़ा- ब्यूरो चीफ, बालोद मो.न. 97542-22333, 94792-22333



बलौदाबाजार। स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों के परिवार वालों को श्रीफल एवं साल देते हुए मंत्री उमेश पटेल।



कलेक्टर डोमन सिंह कलेक्ट्रेट में झंडा फहराया।

## जन शिक्षण संस्थान रायपुर में 73वीं गणतंत्र दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जन शिक्षण संस्थान रायपुर में चेयरमैन श्री ठाकुर रामसिंह जी द्वारा 73 वी गणतंत्र दिवस का झंडा फहराया गया इस कार्यक्रम में उनके अध्यक्षीय भाषण पश्चात् पीजी उमाठे शास उच्च माध्य विद्यालय की 15 छात्राओं को मैडल द्वारा सम्मानित किया गया. इन बालिकाओं में से कुछ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व की थीं कुछ ने सॉफ्टबाल में जिला स्तर प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किये हैं. एक बालिका गत वर्ष कक्षा 12वी में



प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किये हैं। संस्थान के निदेशक श्री अतुल सिंह ने गणतंत्रता दिवस तथा भारतीय संविधान पर प्रकाश डाला एवं लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक भारतीय को अपने संविधान की पढ़ना चाहिए जिसके अंतर्गत 395 अनुच्छेद जो की 22 भागों में समाहित है का ज्ञान होना चाहिए।

# गरियाबंद में मंत्री अमरजीत भगत ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

## हर्षोल्लास से मनाया गया 73वां गणतंत्र दिवस समारोह, शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में 73वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, संस्कृति मंत्री तथा गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मंच पर कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक जे.आर. ठाकुर मौजूद थे। तिरंगा फहराने के बाद सभी उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रगान गाया। समारोह के मुख्य अतिथि भगत ने जनता के नाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने खुशहाली के प्रतीक गुब्बारे को आसमान में छोड़ा।

समारोह में परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक उमेश कुमार राय के निर्देशन में मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा प्लाटून कमाण्डर जोहन ध्रुव, यदु राज ठाकुर, स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं देवशी शर्मा, प्रीति राव कड़ारे एवं भावेश साहू को गणतंत्र के महत्ता पर अंग्रेजी माध्यम में प्रस्तुति हेतु स्मृति चिन्ह और



प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही परेड ग्राउंड मे आकर्षक रंगोली के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजरी गुप्ता को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने शहीद परिवार के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें साल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति नीरज ठाकुर, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष गफ्फू मेमन, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिकगण एवं जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर जेआर चौरसिया, एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनपद पंचायत में अध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने किया ध्वजारोहण

जनपद अध्यक्ष लालिमा ठा कुर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सवेरे 8 बजे जनपद पंचायत कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ठाकुर ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर सीईओ कृष्णकुमार डहरिया सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## पार्षद के कार्यों की हो रही प्रशंसा, 91 वर्षीय महिला को ध्वजारोहण का दिया मौका

नगर में 73वां गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया। 26 जनवरी पर वार्ड नम्बर 6 में अनोखा नजारा देखने को मिला। यहा पर वार्ड नम्बर 6 के पार्षद ने वार्ड की सबसे बुजुर्ग महिला 91 वर्षीय जमंता बाई यादव से ध्वजारोहण कराया। पार्षद की इस पहल की नगर में चारों ओर प्रशंसा हो रही है। साथ ही वार्ड में गणतंत्र दिवास पर ध्वजारोहण,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो का एवं खेल, शिक्षा, कला और महिला सशक्ति करण के क्षेत्र से जुड़े लोगो का मंच के माध्यम से उनका सम्मान किया गया। मंच संचालन प्रहलाद यादव ने किया वही



कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पार्षद प्रतिनिधि छगन यादव ने किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशेष अतिथि शत्रुघन लाल साहू अध्यक्षता पदमा बाई यादव पार्षद,टिकेशवर यादव कमलेश यादव प्रदीप यादव लची यादव, होरी यादव,संतोष दुलेश, प्रेम, उत्तम, मुकेश, देबू, शिवम, मेहुल, तरुण, ललित, भोलू, सुनील यादव, मन्नू, छबि, रामजी, रमेश,संतराम, थानेशवर यादव कार्तिक यादव, लक्की, यशोदा यादव, संतोषी जानकी, राश्मिता, सावित्रि, रिंकी, किरण निक्की, सरोज, टीनू, केदार बबिता ब्रिजबाई, मानकी, कान्तिदेवी सिन्हा, मालती, कुंडो, मिथला, लगनी, कौसिल्या, शारदा, भानु, रंजू सेबनी, स्वाति, राधा, लाली, दुर्गेश, पुनबाई, रामबाई, शांति, वंदना, शकीला बानो फुलबासन, लक्ष्मी, मानकी, उर्वशी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में तिरंगा फहराया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

खादी ग्रामोद्योग ग्रामीण विकास प्रतिष्ठान सासहोली में संस्था के सचिव रविशंकर पाल ने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में तिरंगा फहराया । संस्था के सचिव रविशंकर पाल ने 26 जनवरी के इतिहास को बताते हुए कहा कि दरअसल इस दिन ही हमारे देश को अपना संविधान मिला था। 26 जनवरी 1950 को सुबह 10 बजकर 18 मिनट पर भारत का संविधान लागू किया गया था। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ पर भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन होता है। राष्ट्रपति तिरंगा झंडा फहराते हैं।

राष्ट्रगान और ध्वजारोहण के साथ उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाती है। अशोक चक्र और कीर्ति चक्र जैसे महत्वपूर्ण सम्मान दिए जाते हैं। राजपथ पर निकलने वाली झांकियों में भारत की विविधता में एकता की झलक दिखती है। परेड में भारत की तीनों सेना- नौ सेना, थल सेना और



वायु सेना की टुकड़ी शामिल होती हैं और सेना की ताकत दिखती है। संविधान लागू होने के बाद हमारा देश भारत एक गणतंत्र देश बन गया। इस के 6 मिनट बाद 10 बजकर 24 मिनट पर राजेंद्र प्रसाद ने भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। इस दिन पहली बार बतौर राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद बग्गी पर बैठकर राष्ट्रपति भवन से निकले थे। उन्होंने आगे कहा की आजादी मिलने और संविधान लागू होने के इतने बरसों बाद भी भारत अपराध, भ्रष्टाचार, हिंसा, नक्सलवाद, आतंकवाद, गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा जैसी समस्याओं से लड़ रहा है। हम सभी को एक होकर इन समस्याओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। भारत को जब तक इस समस्याओं से बाहर नहीं निकालते तब तक स्वतंत्रता सेनानियों का सपना पूरा नहीं होगा। एक होकर प्रयास करने से श्रेष्ठ और विकसित भारत का निर्माण होगा।

## पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने तिरंगा चौक शहीद स्मारक में फहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने तीन अलग अलग स्थानों में ध्वजारोहण किया। उन्होंने नगर पालिका परिषद कार्यालय सहित नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक और शहीद स्मारक चौक मे तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें भी दी।

ध्वजारोहण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के नाम संदेश का वाचन भी किया। तत्पश्चात उन्होंने ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान का प्रतीक है जो हमे सद्भाव, भाइचारे और समानता के साथ रहने की सीख और अधिकार प्रदान करता हैं। हम सभी को आपसी



भेदभाव और मतभेद भुलाकर एक एकजुट होकर रहना चाहिए।नपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि राष्ट्रीय पर्व का यह दिन हमारे देश की महान विभूतियों के योगदान को याद करने का है जिन्होंने देश के स्वतंत्रता के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। महान विभूतियों के पराक्रम को आज नमन करने की जरूरत है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ़ मेमन, विष्णु मरकाम, गुलेश्वरी ठाकुर, नीतु देवदास, पार्षद रितिक सिन्हा, संदीप सरकार, प्रतिभा पटेल, योति साहनी, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद ठाकुर, एल्डरमैन हरीश भाई ठक्कर, रमेश मेश्राम, नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर अश्विनी वर्मा, हरीश मांझी, लेखापाल पुरूषोत्तम चंद्राकर, सपना मिश्रा, मंजुला मिश्रा, भूपेंद्र कश्यप अखूतर खान सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

## सरसीवां स्कूल प्रांगण में शान से लहराया तिरंगा

■ शाला विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल पांडेय ने ध्वज फहराया

पायनियर संवाददाता < सरसींवा
www.dailypioneer.com

शहीद विवेक शुक्ला शाउमावि सरसीवां में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र की 73 वीं वर्षगाँठ पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष गोपाल पांडेय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर, चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह आदि स्वतन्त्रता सेनानियों के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात स्काउट के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट कर



ध्वज एवं मुख्य अतिथि गोपाल पांडेय, संस्था प्रमुख बीएल कुर्रे को सलामी दी गई। इस अवसर पर अमर शहीद उपनिरीक्षक विवेक शुक्ला ग्राम सरसीवां एवं शहीद आरक्षक नंदकुमार साहू ग्राम बम्हनपुरी की शहादत को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर इन वीर शहीदों की शहादत के बारे में छात्रों को बताया जाता है ताकि छात्र देश सेवा के लिए प्रेरणा ले सकें। पांडेय ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान शाला विकास समिति के सदस्य भुनेश्वर साहू, पूर्व प्रभारी प्राचार्य के आर साहू, सेवानिवृत व्याख्याता डीपी आदित्य, आरके मनहर, आर के नायक, कमलेश साहू, यूके जांगड़े, एफ्आर भारद्वाज, जेपी रात्रे, राजेश कुमार नायक, जीआर जायसवाल, एचके साहू, अंजना केरकेट्टा, मनीषा यादव, विजयेता स्वर्णकार, एसके त्रिपाठी, आरके साहू, प्रधान पाठक एन के दुबे , मीना जांगड़े, कांति साहू , आर एल निषाद, डीए साहू, एस के घृतलहरे, अनुसुइया साहू, यादराम, सनत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू ने तथा आभार व्यक्त बी एल कुर्रे ने की।

## कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर का भाठागांव में हुआ जोरदार स्वागत

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत भाठागांव में कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया तथा भागवत भारती के निवास में समीक्षा बैठक भी आहुत की गई, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर उपस्थित हुए। ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए स्वागत किया। सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे जोष से नारे लगाते हुए कहा - बलौदाबाजार का विधायक कैसा हो? हितेन्द्र ठाकुर जैसा हो। उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल द्वारा संचालित जनहित के योजनाओं को जमींनस्तर पर घर-घर तक पहुंचाने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं को मिल-जुलकर करने को कहा। योजनाओं में प्रमुख रूप से गोबर खरीदी योजना, राजीव गॉधी मितान योजना, नोनी योजना, गोबर से बिजली उत्पादन करना, रोजगार मिषन योजना, नरवा-गरवा-घुरवा आदि जनहित में क्रियान्विय योजनाओं को आम लोगों तक ले जाने का कार्य कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को करना है। मंच का संचालन भागवत भारती द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एन.एस.यु.आई. के पूर्व अध्यक्ष पिंटू वर्मा, प्रदेष महामंत्री के.के. वर्मा, बी.के. वर्मा, दानी वर्मा, कृश्णा नेताम, लल्लन मनहरे के अलावा आसपास ग्राम के ग्रामवासी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खिलाावन जायसवाल ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कार्यकारिणी सदस्य द्वारा बताया गया।

## बलौदाबाजार नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य टीम की नयी पहल

### एक कॉल पर मिलेगी घर पहुंच टीकाकरण सेवा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर टीकाकरण को बढ़ाने नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नयी पहल शुरू की गयी है। जिसके तहत अब बलौदाबाजार शहर वासियों को एक कॉल पर घर पहुँच टीकाकरण सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल ने बताया की कोविड संक्रमण से बचाव एवं आम व्यक्तियों को आसनी से टीकाकरण उपलब्ध हो इसके लिए यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। जिसके तहत सुबह 10 से 5 बजे के बीच मे 75808-90899 पर कॉल कर के सीधा टीकाकरण टीम को घर बुलाया जा सकता है। शहर का कोई भी व्यक्ति



जिन्होंने अभी तक कोविड का टीका,सेकंड डोज अथवा बुस्टर डोज नही लगाया वह इस सुविधा का लाभ ले सकता है। उसी तरह एक ही स्थान पर अथवा परिवार,मोहल्ले में कम से कम 10 हितग्राही इकट्ठा होने पर भी इसका लाभ लिया जा सकता है। वैक्सिन का वेस्ट ना हो इसके लिए कम से कम 10 लोगो का होना अनिवार्य है तभी वायल को खोला जाएगा। साथ ही इसके अतिरिक्त कार्यालय नगर पालिका परिषद परिसर में प्रतिदिन सुबह 10 से 5 बजे तक निरतंर कोविड टीकाकरण साइट का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक हितग्राही भी इसका लाभ ले सकते है।

नगरपालिका अधिकारी ने अपील जारी करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अभी तक कोविड का टीकाकरण नही कराए है वह शीघ्र ही टीकाकरण करा लेवे। कोविड से बचाव का एक मात्र उपाय टीकाकरण ही है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी बजट सत्र 2022 में प्रश्नों की सूचनाएं ली जाएंगी ऑनलाइन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी बजट सत्र, 2022 में छत्तीसगढ़ विधान सभा के प्रश्नों की सूचनाएं ऑनलाईन ली जायेंगी । इस हेतु नवीन वेब एप्लीकेशन तैयार कराया गया है । उक्त वेब एप्लीकेशन के माध्यम से सदस्यों द्वारा सुगमतापूर्वक ऑनलाइन प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत की जा सके, इस हेतु विधान सभा सचिवालय में शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022 को प्रशिक्षण आयोजित है । जिसमें मान. सदस्यों के साथ उनके निज सहायक भी उपस्थित रह सकेंगे । किन्ही कारणों से किसी सदस्य एवं उनके निज सहायक भौतिक रूप से उपस्थिति नहीं हो पाते है तो वे उक्त प्रशिक्षण में ऑनलाईन सम्मिलित हो सकेंगे । विदित हो कि गुरूवार, 20 जनवरी, 2022 को उक्त वेब एप्लीकेशन के माध्यम से उत्तर प्रस्तुत करने संबंधी प्रशिक्षण शासन के समस्त विभागों हेतु आयोजित किया गया था तथा विभागों को प्रश्नों का उत्तर भेजने में असुविधा न हो इसलिए एक डमी सत्र का भी आयोजन किया गया है । जिसमें विभागों को 27 जनवरी, 2022 को प्रश्नों की सूचनाएं ऑनलाइन भेजी जायेगी तथा विभागों से उनके उत्तर 31 जनवरी तक प्राप्त किये जायेंगे । इसी प्रकार मान. सदस्यों के लिए भी प्रशिक्षण के तौर पर 29 जनवरी से 01 फरवरी, 2022 तक प्रश्नों की सूचनाएं ऑनलाइन प्राप्त की जाएगी ।

# श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया





**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस परिसर में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमैन डाक्टर देवेंद्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक, डाक्टर पुष्पेंद्र नायक, डीन डाक्टर मानिक चटर्जी, डायरेक्टर नितिन पटेल, जीएम डाक्टर विरेंद्र पटेल, श्री बालाजी नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल कविता सिंह तोमर, राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार पायनियर के प्रकाशक भोजराम पटेल, संपादक ए एन द्विवेदी सहित संस्थान के गणमान्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर संविधान निर्माता, संविधान समिति के सदस्यों के साथ-साथ वीर शहीदों को नमन किया गया।

## जोन अध्यक्षो ने पदभार किया ग्रहण, विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल रहे मौजूद

**भिलाईनगर।** निगम के विभिन्न जोन कार्यालयो में विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में जोन समिति के अध्यक्षो ने पदभार ग्रहण किया और अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए आज से कुर्सी संभालते हुए काम प्रारंभ कर दिया। जोन 01 नेहरू नगर में सर्वप्रथम सभापति एवं जोन अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू को उनके कक्ष में विधायक और महापौर ने पदभार ग्रहण करवाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान गौठान एवं तालाब विकास पर भी विधायक ने चर्चा की। जोन 02 वैशाली नगर के जोन समिति के अध्यक्ष रामानंद मौर्या एवं शिवाजी नगर जोन 04 के जोन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव ने भी आज पदभार ग्रहण किया। वहीं जोन 03 मदर टेरेसा नगर जोन समिति के अध्यक्ष संतोषनाथ सिंह जालंधर एवं जोन 05 सेक्टर 06 के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी महापौर की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कर चुके है। विधायक और महापौर ने आज सभी जोन कार्यालय में पहुंचकर जोन अध्यक्षो से शहर विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी, मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, नेहा साहू,मन्नान गफ्फार खान एवं रीता सिंह गेरा, पार्षद महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा, रानू साहू, हरिओम तिवारी, अंजु सिंहा, अभिषेक मिश्रा, नितेश यादव, शारदा राय, उषा शर्मा, नोमिन साहू, साधना सिंह, के जगदीश कुमार, शुभम झा, एम लक्ष्मी गोपाल, डी सुजाता, मीरा बंजारे, सेवन कुमार, अभय कुमार सोनी, कोमल दास टंडन, भगवती शर्मा एवं उमेश साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

अन्य जोन कार्यालय की तरह जोन 05 सेक्टर 6 भी बनेगा सशक्त - जोन 05 सेक्टर 06 कार्यालय को अन्य जोन कार्यालय की तरह तैयार बनाया जायेगा। महापौर नीरज पाल के निर्देश पर जोन अध्यक्ष ने इस पर काम प्रारंभ कर दिया है। महापौर ने कहा कि जोन 05 में सभी प्रकार के संसाधनो को बढ़ाने पर कार्य किया जायेगा ताकि जोन 05 कार्यालय में भी अन्य जोन कार्यालय की तरह काम हो और सेक्टर छेत्र के नागरिकों को योजनाओं तथा अन्य कार्यों का अच्छे से लाभ मिले। जोन समिति की प्रथम बैठक में कर्मचारी सेटअप को लेकर भी चर्चा की गई है। विभागवार अधिकारी-कर्मचारियो का सेटअप तैयार किया जा रहा है, सेटअप पर प्रक्रिया तेज हो गई है।

## विजय केसरवानी ने राष्ट्रीय ध्वज का किया ध्वजारोहण



**बलौदाबाजार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्केट शब्जी विक्रेता संघ द्वारा आयोजित 73 वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी उत्तरा धिकारी संगठन के प्रदेश मंत्री एवं सब्जी विक्रेता संघ के सरंक्षक विजय केसरवानी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष कंगलू साहू, उपाध्यक्ष हीरामणि, सचिव मनहरण पटेल, सदस्यगण संजू पंजवानी, किशोर साहू, सुनील ठाकुर, रामजी पटेल, सोनू चौहान, दादू कुर्रे, अमित, उमंग, घनश्याम, कान्हा साहू, प्रभु साहू, दिलीप, कुशल बंजारे, रवि सोनवानी, शंकर नवरंगे, चंद्रशेखर टंडन, टप्पू साहू, खुशीराम, जय पटेल, लेखराम साहू, पुनीत साहू, नरेश मेहर, चंदू साहू, सोम सतनामी सहित बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेता उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने बलौदाबाजार में फहराया तिरंगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का सम्मान

▪ **बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 18 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित**

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस समारोह जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास भरे वातावरण में मनाया गया। स्थानीय स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने तिरंगा फहराया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। पटेल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पटेल ने कोरोना नियंत्रण एवं शासकीय योजनाओं में बेहतरीन कार्यों के लिए डेढ़ दर्जन शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सांसद गुहाराम अजगले, संसदीय सचिव एवं विधायक शकुंतला साहू, विधायक प्रमोद कुमार शर्मा, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, श्रम कल्याण बोर्ड सदस्य सतीश अग्रवाल, अनुसचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर सहित कलेक्टर डोमन सिंह एसपी दीपक झा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। स्पोर्टस स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह सवेरे 9 बजे मुख्य अतिथि पटेल द्वारा झण्डा फहराने के साथ शुरू हुआ।

इस साल कोविड संक्रमण को देखते हुए समारोह को सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। झांकी प्रदर्शन और स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम को टाल दिए जाने के कारण मुख्य समारोह लगभग एक घण्टे में सम्पन्न हो गया। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया,जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना की टुकड़ियों ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व आर.आई विक्रम बघेल ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। मंत्री ने जिलें के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक विवेक शुक्ला, युगल किशोर वर्मा, ट्रेड आर नंदकुमार साहू, आर हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार, टेकराम,वर्मा एवं कोविड से डोगेन्द्र वर्मा के परिजनों का फल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना। इसके साथ ही मंत्री पटेल ने मुख्य मंच से करीब 18 अधिकारी- कर्मचारियों का उनके बेहतर सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया।

## प्रथम महापौर शशि ने फहराया तिरंगा



**रिसाली।** 73 वे गणतंत्र दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली की प्रथम महापौर शशि सिन्हा ने सुबह 8 बजे मुख्य कार्यालय भवन में तिरंगा फहराया। इसके पहले नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर टंकी ऑफिस पहुंचे और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर महापौर ने राष्ट्रीय पर्व की बधाई देते हुए कहा कि नवगठित रिसाली में यह पहला आयोजन है। गर्व की बात है कि गणतंत्र दिवस के ठीक 4 दिन पहले यहां के भगौलिक स्थिति में बदलाव हुआ और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से बीएसपी ने जमीन हस्तांतरण किया। उन्होंने मंच से कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि लोगों को समय पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो। कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुलझाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम को सभापति केशव बंछोर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी सद्स्य अनुप डे, विलास बोरकर, चन्द्रभान ठाकुर, सनीर साहू, ईश्वरी साहू व पार्षदगण उपस्थित थे।

**दो कर्मचारी हुए सम्मानित :** गणतंत्र दिवस पर्व के मुख्य आयोजन में प्रभारी मंत्री मो. अकबर ने नगर पालिक निगम के आयुक्त स्टेनो चन्द्रपाल हरमुख व सब इंजीनियर अखिलेश गुप्ता को सम्मानित किया। जिला स्तर के आयोजन में दोनो कर्मचारियों को नगरीय निकाय चुनाव में सामंजस्य बिठाकर बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया। इस पर आयुक्त आशीष देवांगन, सहायक अभियंता आर के जैन, निगम सचिव रमाकांत साहू, अधीक्षक देवव्रत देवांगन, कर्मचारी संघ अध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने बधाई दी।

## अपर कलेक्टर ने किया जिला कार्यालय में ध्वजारोहण

**कांकेर।** भारत के 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर



अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया तथा अधिकारी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर जी.एस. नाग एवं ए.एस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर सी.एल ओंटी, एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में गरिमामय समारोह में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय रायपुर में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए एक गरिमामय समारोह में गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रधान कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष आई के गोहिल ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सभी सेवा युक्त ो एवं पूरे देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम अपने कार्यों से अपने बैंक को आगे ले जाए। हम नई नई तकनीकों एवं परिश्रम का अच्छा मिश्रण कर अपने बैंक को सशक्त बनाए।जिससे हमारा बैंक फ्रंट लाइन में रहकर बैंकिंग के हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। हमारा प्रयास सटीक और सही होना चाहिए। कार्य म में महाप्रबंधक ए के बेहेरा एवं ए के निराला और सहायक महाप्रबंधक सतीश कश्यप एवं जी एन मूर्ति ने भी अपने उदबोधन दिए। कार्यक्रम का समापन पीयूष शुक्ला द्वारा किया गया।

## कृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में ध्वजारोहण मुख्यअतिथि रहे अमित साहू



**रायपुर।** कृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू। कार्य म के प्रारंभ में ध्वजारोहण अमित साहू ने किया। ध्वजारोहण के बाद कृति ग्रुप के सीईओ सुमित श्रीवास्तव और एकेडमिक डायरेक्टर बी.सी जैन ने अमित साहू का फूल गुच्छ से स्वागत किया। इंस्टीट्यूट के सी.ई.ओ सुमित श्रीवास्तव ने भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण पहलू को बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और मुख्यअतिथि का स्वागत संबोधन किया। इस मौके पर अमित साहू ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की विशेषता बताते हुये कहा कि भारत विकास के रास्ते पर निरंतर अग्रसर है, इसमें भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर कृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के एकेडमीक डायरेक्टर बी सी जैन और सीईओ सुमित श्रीवास्तव समेत सभी विभाग के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे पूरा कार्य म इंस्टीट्यूट के प्रांगण में संपन्न हुआ।

## स्वतंत्र मताधिकार के लिए ली शपथ

**रिसाली।** मतदाता दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली मुख्य कार्यलय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर शशि सिन्हा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक (मतदाता) को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखना चाहिए। बिना प्रभाव में आए स्वतंत्र तरीके से मतदान करना चाहिए। उन्होंने वहां मौजूद सभी कर्मचारियों को निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने शपथ दिलवाई। इस अवसर पर एमआईसी सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, सनीर साहू, पार्षद अनिल देशमुख, पूर्व एल्डरमेन तरूण बंजारे व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को निगम में विधायक व महापौर ने किया अभिनंदन।

## नरेश केसरवानी ने किया झंडोतोलन



**बलौदा बाजार।** केसरवानी मंगल भवन में 73वे गणतंत्र दिवस पर केसरवानी समाज के अध्यक्ष नरेश केसरवानी द्वारा झंडोतोलन किया गया जिसमे प्रदेश संरक्षक विजय केसरवानी, महिला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विभा केसरवानी, महिला राष्ट्रीय संगठन मंत्री रजनी राज नारायण केसरवानी, नगर सभा सचिव दुर्गेश केसरवानी, महिला सभा सचिव व पार्षद रीटा केसरवानी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राज नारायण केसरवानी व महिला सभा के सदस्य व बच्चे उपस्थित थे।

# गरिमामय ढ़ंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com




भारत के 73वां गणतंत्रता दिवस कांकेर जिले में गरिमामय ढ़ंग से मनाया गया। शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के प्रांगण में आयोजित गणतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अनिला भेड़िया ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा एवं अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य भी उनके साथ मौजूद थे। ध्वजारोहण पश्चात मुख्य अतिथि अनिला भेड़िया द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया, जिसमें आगामी खरीफ वर्ष 2022-23 से दलहन फसलों जैसे- मूंग, उड़द, अरहर की खरीदी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने तथा प्रत्येक जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड स्तर पर ''मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केन्द्र'' की स्थापना करने की घोषण किया गया। श्रमिक परिवारों की बेटियों की शिक्षा, रोजगार, स्व-रोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए ''मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना'' की भी घोषणा की गई, इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों के बैंक खाते में 20-20 हजार रूपये की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जायेगा। गणतंत्र दिवस संदेश वाचन में उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत राज्य के बजट से 11 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि की व्यवस्था किया गया है। मछली पालन और लाख उत्पादन को कृषि का दर्जा दिया गया है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजन के तहत चयनित परिवारों को प्रतिवर्ष 06 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा, इस वर्ष 01 फरवरी को पहली किस्त की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की जायेगी। मध्यान्ह भोजन एवं पूरक पोषण आहार योजना में आयरन फोलिक एसिड युक्त फोर्टिफाइड चांवल का वितरण किया जायेगा। पहले मात्र 07 लघु वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था थी, जिसे बढाकर अब 61 कर दिया जायेगा। रैली कोसा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जायेगा। प्रदेश के 14 आदिवासी बाहुल्य जिलों के 25 विकासखण्डों में 01 हजार 735 करोड़ रूपये की लागत से ''चिराग परियोजना'' की शुरूआत की गई है, जो आजिविका के नये साधन जुटाने में मददगार होगी। प्रदेश के शहरों में ''डायरेक्ट भवन अनुज्ञा सिस्टम'' की शुरूआत किया गया है, जिसमें आवेदक द्वारा दिये गये दस्तावेजों पर विश्वास करते हुए 500 वर्गमीटर तक के आवासीय भू-खण्डों की भवन निर्माण अनुज्ञा यथाशीघ्र प्राप्त हो जायेगी। मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत 100 से अधिक घर पहुंच सेवायें उपलब्ध कराई जायेगी। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट शालाओं की तर्ज पर अब हिन्दी शालाओं की स्थापना भी प्रत्येक जिले में की जायेगी, 5-6 वर्ष के बच्चों के लिए ऐसे स्थानों पर प्ले स्कूल ''बालवाडी'' की स्थापना की जायेगी जहॉ आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला एक ही प्रांगण में हों, प्रथम चरण में ऐसी 06 हजार से अधिक बालवाड़ी प्रारंभ की जायेगी।

## कोलंबिया इंस्टीट्यूट में 73 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



**रायपुर।** कोलंबिया शिक्षण समूह द्वारा संस्थान प्रांगण में 73 वॉ गणतंत्र दिवस उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की परंपरानुसार ध्वजारोहण किया गया । ध्वजारोहण के पष्चात सभी उपस्थित जन ने गणतंत्र की रक्षा करने की शपथ ली। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष किशोर जादवानी, सभी संस्थान के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे।

## एथेना वर्ल्ड स्कूल में 73 वां गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**रायपुर।** एथेना वर्ल्ड स्कूल ग्राम.भोथली में 73 वां गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम गांधीजी के चित्र में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात् प्रसिद्ध समाजसेवी भगवती प्रसाद बजाज ने ध्वजारोहण किया। झंडावंदन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्राचार्य संजय कुमार शमा राजशेखर पालीवाल एवं समस्त शिक्षक सोशल डिस्टन्सिंग का पालन करते हुए उपस्थित हुए।


**न्यायालय तहसीलदार तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

क्रमांक/ /अ-74 वर्ष 2021-2022
ग्राम-नेवरा प.ह. नं. 18

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष श्री पोषण लाल साहू तहसील साहू सघ तिल्दा नेवरा जिला रायपुर ग्रामीण सलग्न पत्र अतः मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय जिला पंचायत रायपुर का पत्र क्रमांक 5029/ शिका. शा./ जिप/ 2021 रायपुर दिनांक 20.12.2021 के द्वारा तहसील साहू समाज के भवन के लिए शासकीय भूमि ग्राम नेवरा प.ह.नं. 18 खसरा नंबर 1141, 1142 कुल रकबा 1 एकड़ 80 डिसमिल में से 6000 वर्गफुट भूमि भू-आबंटन हेतु अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा नेवरा के माध्यम से जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा में दिनांक 31.01.2022 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाशक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा नेवरा

## संपादकीय

# कर्नाटक में विवाद लड़कियों को हिजाब

**कर्नाटक** के कुछ हिस्सों में नए वर्ष में हिजाब और भगवा स्कार्फ पर बहस तेज होगी। 1 जनवरी को उडुपी के एक पूर्व-विश्वविद्यालय कालेज ने कुछ लड़कियों को स्कार्फ पहन कर कक्षाओं में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि यह कालेज नियमों के खिलाफ था। प्रबंधन ने कहा था कि लड़कियां परिसर में स्कार्फ पहन सकती हैं, पर कक्षाओं में नहीं। इसके पीछे तर्क दिया गया था कि शिक्षक को पढ़ाने के दौरान छात्रों पर पूरी तरह नजर रखनी चाहिए। लेकिन इस प्रतिबंध से नाराज लड़कियों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पुरुषों के सामने अपने बाल ढकने के लिए हिजाब पहनना जरूरी है। एक तर्क यह था कि यदि यह केवल स्कार्फ की तरह बाल ढकता है तो हिजाब पर आपत्ति क्यों की जा रही है। लेकिन दूसरा तर्क यह था कि यदि ऐसा है तो चेहरा भी ढकने के लिए एक पिन क्यों लगाई जा रही है। चीजों ने उस समय राजनीतिक रूप ले लिया जब चरमपंथी इस्लामी समूह पापुलर फ्रंट आफ इंडिया की छात्र शाखा कैंपस फ्रंट आफ इंडिया-सीएफआई ने यह मामला उठाया। उसने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस प्रतिबंध से धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप किया जा रहा है। अभी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कर्नाटक के एक अन्य गांव, कोप्पा जिले के बालागाडी में कुद कालेज छात्रों ने प्रबंधन द्वारा मुस्लिम लड़कियों को कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति देने पर विरोध में भगवा स्कार्फ पहनने शुरू कर दिए। तीसरी घटना में कोलार जिले में एक हिंदू समूह ने सरकारी स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए दावा किया कि प्रधानाचार्य ने मुस्लिम लड़कियों को शुक्रवार को कक्षा में प्रार्थना करने की अनुमति दे दी है। जिला कलेक्टर इस मामले की जांच कर रहे हैं। धीमे-धीमे पर निश्चित रूप से ऐसी घटनायें न केवल तेजी से विवादास्पद होती जा रही हैं, बल्कि इनसे यह बहस भी शुरू हुई है कि क्या हिजाब यूनीफार्म का हिस्सा है।

भारत में जहां सार्वजनिक स्थानों पर धर्म का प्रदर्शन काफी सामान्य बात है, ऐसी घटनाओं को प्रचार नहीं मिलना चाहिए। लेकिन चिन्ताजनक बात है कि जब कर्नाटक में दो महत्वपूर्ण चुनाव होने वाले हैं तब भावनाओं को भड़काया जा रहा है। वृहत बैंगलुरू महानगर पालिके में चुनाव जिला पंचायत व तालुक पंचायत चुनावों के साथ या इनके फौरन बाद होंगे। इनमें कुल लगभग 4 करोड़ मतदाता भाग लेंगे। इसके साथ ही अगले साल की शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे मुद्दे धार्मिक समूहों के लिए चारे की तरह हैं जो पहले से ही ध्रुवीकरण का बोझ ढो रहे सेक्युलर परिवेश को खराब करना चाहते हैं। उच्च न्यायपालिका को हस्तक्षेप कर ऐसे मामलों का हमेशा के लिए समाधान कर देना चाहिए। भारत फ्रांस नहीं है जहां सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक प्रतीकों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध है। भारत में सभी लोग धर्म का सार्वजनिक प्रदर्शन करते हैं, फिर चाहे वह बिंदी हो या चूड़ियां या हिजाब अथवा पवित्र क्रास या सिख पटका। ऐसे में भेदभाव का सवाल नहीं पैदा होना चाहिए। संविधान हमें धर्म का व्यवहार करने की स्वतंत्रता देता है, पर कानून संरक्षण को उन व्यवहारों तक सीमित करता है जो धर्म के लिए अनिवार्य व अभिन्न हों। 2016 के एक फैसले में केरल उच्च न्यायालय ने कहा था कि हिजाब और लंबी आस्तीनों वाली ड्रेस 'इस्लाम धर्म का अनिवार्य हिस्सा' हैं। ऐसे में न्यायपालिका को केवल यह विचार करना है कि क्या हिजाब पहनने का 'अनिवार्य व्यवहार' कक्षा में सामाजिक व्यवस्था में बाधा डालता है और इससे शिक्षकों का कर्तव्य बाधित होता है।

# किसान नाराज और निराश, 'बजट' पर टिकी है आस

### सच्चाई तो यही है कि,देश के छोटे-छोटे काम धंधे, कारोबार और छोटे छोटे उद्योग कोरोना की मार से अभी तक नहीं उबर पाए हैं और मूर्छित अवस्था में हैं, बड़ी संख्या में ऐसी इकाइयां या तो पूरी तरह से बंद हो गए या बंद होने की कगार पर है।



**डॉ राजाराम त्रिपाठी**
राष्ट्रीय संयोजक
अखिल भारतीय
किसान महासंघ
(आईफा)



**ब**जट को सामान्यतः अंग्रेजी शब्द माना जाता है, हालांकि बजट शब्द फ्रेंच के बुल्गा से निकला है , कालांतर में इससे अंग्रजी शब्द बोगेट आया और इसी बोगेट शब्द से बजट शब्द की उत्पत्ति हुई। दरअसल इसलिए पहले अंग्रेजी संसद में साल भर के आय व्यय का ब्यौरा चमड़े के बैग में लेकर आया जाता था, और यही बजट कहलाता था। अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चलते हुए हमारे देश के वित्त मंत्री बजट सूटकेस में लेकर आते रहे। वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंग्रेजी 'बजट' पर ही भारतीयता का मुलम्मा चढ़ाते हुए पिछले दो बजट महाजनी बही-खाते की तरह लाल रेशमी वस्त्रों में लपेट कर पेश किये हैं। भारतीय परंपरा रही है कि शुभकार्यों से पहले मुंह मीठा कराया जाता है सो बजट के दिन वित्त मंत्री से द्वारा बजट से संबंधितअधिकारियों तथा कर्मचारियोंमें हलवा बांटा जाता है। इसे 'हलवा सेरेमनी' कहा जाता है। अब इस बजट के हलवे की मिठास संसद से आगे आम जनता तथा विशेषकर इस देश की जनसंख्या के सबसे बड़े वर्ग 70 करोड़ किसानों तक कितनी पहुंच पाएगी, लौकरिया बजट कुल मिलाकर यह बजट किसानों के लिए कितना मीठा अथवा फीका या फिर हमेशा की तरह कड़वा रहेगा यह तो यह बजट ही बताएगा।

पिछले सालों की तुलना में अगर सरकार की आमदनी की बात करें, तो वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2021 सकल प्रत्यक्ष कर संगह , 2021-22 तथा 2019-20 में इसी अवधि के लिए सकल संग्रह के आंकड़ों की तुलना में क्रमशः 48.11त्न और 18.15त्न की वृद्धि दर्शाता है यादें की सरकार के खजाने में धन की वर्षा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सरकारी संपत्तियों तथा कंपनियों के अंधाधुंध मौद्रीकरण से भी सरकार पूंजी उगाने में लगी हुई है। यह जिगर बात है की 70 सालों में अर्जित जनता की परिसंपत्तियों को नीलाम कर यह सरकार इसे नए संसद भवन, नये मंत्रालय,नये कार्यालय तथा अन्य गैरजरूरी ताम-झाम पर लुटा रही है। इसलिए अगर आप यह सोच रहे हैं कि सकल कर संग्रह में हुई वृद्धि का मतलब देश की आम जनता की आमदनी और खुशहाली में वृद्धि से है तो माफ करिएगा, आपका यह अंदाजा सरासर गलत है। सच्चाई तो यही है कि,देश के छोटे-छोटे काम धंधे, कारोबार और छोटे छोटे उद्योग कोरोना की मार से अभी तक नहीं उबर पाए हैं और मूर्छित अवस्था में हैं, बड़ी संख्या में ऐसी इकाइयां या तो पूरी तरह से बंद हो गए क्या बंद होने की कगार पर है। इस अवसर को बाजार की बड़ी मछलियों ने भरपूर भुनाया है। यही कारण है की छोटे-छोटे उद्योग का कारोबार घाटे में डूबे जा रहे हैं जबकि चंद बड़ी कंपनियां आपदा के इस अवसर का भरपूर फायदा उठाकर रिकॉर्ड मुनाफा कमा रही हैं।अफसोस की हमारे सरकारों की नीतियां भी चुनिंदा बड़ी कंपनियों के पक्ष में गढ़ी दिखाई देती हैं।

पिछले साल भर से आंदोलनरत किसान वापस खेतों की ओर जरूर लौट गए हैं, लेकिन किसानों का दिलो-दिमाग व निगाहें अभी भी समझौते के अन्तर्गत सरकार द्वारा किए गए वायदों में अटकी हुई हैं। किसान आंदोलन के दरमियान सरकार के दमन बेरुखी तथा बदनाम करने की कोशिशो से देश का किसान नाराज है। समझौते के बाद सरकार की हालिया वादाखिलाफी से देश का पूरा किसान समुदाय अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और उसका भरोसा सरकार से लगभग उठ चुका है। यह स्थिति किसी भी सरकार के लिए अच्छी नहीं कही जा सकती।

सरकार के किसान विरोधी रवैए को देखते हुए इस सरकार से इस बजट से भी किसानों को कोई विशेष पैकेज, कोई खास राहत मिलने की कोई खास उम्मीद नहीं है। ऐसे हालातो में सरकार किसानों के लिए कुछ विशेष कृषक कल्याणकारी योजनाएं तथा अभूतपूर्व बड़े पैकेज की घोषणा कर अप्रत्याशित छक्का मार कर किसानों की बढ़ती बेरुखी और नाराजगी दूर कर, पूरे खेल का रुख पलटने की सकारात्मक कोशिश कर सकती है ।

दरअसल सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। अब आय तो दुगुनी हुई नहीं, उल्टा खाद,बीज ,दवाई और डीजल की बढ़ती कीमतों ने खेती की लागत दुगुनी कर दी है। लगातार लॉकडाउन की श्रृंखलाओं के बाद मंडी,बाजार अभी भी पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ पाया है। फसल का वाजिब मूल्य तो छोड़िए, कृषि का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। साग सब्जी,फूल मसाले और औषधीय- सुगंधीय फसलों के किसान पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। गन्ने का भुगतान अभी भी लटका हुआ है। कुल मिलाकर कर देश के किसान के कंधों पर घाटे का बोझ बढ़ गया है, और दिनोंदिन इसमें इजाफा हो रहा है।

भाजपा की घोषणा पत्र के अनुसार 5 सालों में 25 लाख करोड़ कृषि के समग्र विकास पर खर्च किए जाने का वायदा था पर हकीकत यही है कि आज किसानों के लिए बनी अधिकांश योजनाएं लगभग ठप्प पड़ी हैं खेती घाटे का सौदा बन गई है और किसान बेहाल है। औषधीय फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए घोषित 4 हजार करोड़ रुपए की राशि का 10त्न हिस्सा भी इसमें लगे वास्तविक किसानों तक नहीं पहुंच पाया है।

ले-देकर किसानों के कल्याण के नाम पर साल पर दो- दो हजार की तीन किस्तों में दिए जाने वाले 6 हजार रुपए सालाना की 'पीएम किसान योजना' का एकमात्र दिया टिमटिमा रहा है, इस दिये की रोशनी भी बड़ी सीमित है, देश के सभी वर्गों के लगभग 20 करोड़ किसानों में से केवल 10-11 करोड़ किसानों तक ही इसकी रोशनी या फायदा पहुंच पा रहा है। ऊपर से इस दिए में जरूरत के मुताबिक तेल भी नहीं दिया जा रहा है। इसे ऐसे समझें कि हमारे देश में किसान जमीनों का स्वामित्व, नामांतरण,बटांकन, भूमि बंदोबस्त के आज भी सबसे ज्यादा अव्यवस्थित हैं तथा देश में ऐसे लंबित प्रकरणों की संख्या करोड़ों में होगी। भूमि स्वामित्व व तत्संबंधी जरूरी दस्तावेजीकरण तथा अन्य सभी शासकीय औपचारिकताएं पूरी न कर पाने के कारण जरूरतमंद किसानों का बहुत बड़ा वर्ग इस योजना के लाभ से भी वंचित है। नजूल की भूमि, वन भूमि, भूमिहीन काबिज काश्त, बटाई की भूमि आदि पर खेती करने वाला किसानों का एक बहुसंख्य वर्ग इस योजना के लाभ के दायरे में ही नहीं आता। हकीकत यही है कि इस देश के कृषि उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान देने वाला लघु तथा मध्यम वर्ग का किसान भी इस योजना के लाभ से शतप्रतिशत वंचित है। अर्थात देश का बहुसंख्य किसान वर्ग इस योजना के लाभ से वंचित है।

युक्तियुक्त तरीके से इस योजना का दायरा बढ़ाने के बजाय सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इस स्कीम के बजट पर कैंची चलाई थी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने पीएम-किसान के लिए 65,000 करोड़ रुपये का एक बड़ा आवंटन किया गया था, जबकि पिछले बजट में इस मद में 75,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

इसलिए चुनावी मौसम के बीच पेश होने वाले इस बजट में किसानों के लिए कुछ बड़े ऐलान की उम्मीद की जा रही है। उम्मीद की जाती है कि अबकी बार इस योजना के दायरे को बढ़ाकर लघु, मध्यम, बड़े, भूमिहीन, काबिज काश्त तथा बटाईदार किसानों को भी इसके दायरे में लाया जाएगा। खाद बीज दवाई तथा डीजल के दाम बढ़ने के बाद तथा खेती में बढ़ते घाटे को देखते हुए इसकी सालाना राशि भी बढ़ाकर 16 हजार से 20 हजार तक करते हुए किसानों को वास्तविक राहत प्रदान किया जा सकता है। इससे किसानों को तात्कालिक राहत भी मिलेगी, यह पैसा वापस बाजार में पहुंचेगा और अर्थव्यवस्था में भी गति आएगी और किसानों का सरकार पर विश्वास भी कायम होगा। कृषि उपकरणों मशीनरी खाद बीज दवाई पर जीएसटी घटाकर भी किसानों को राहत दी जा सकती है डीजल के बढ़ते दामों को देखते हुए सरकार अपने डीजल पर लिए जा रहे हैं अपने भारी लाभ में से कटौती कर किसानों को सस्ते दर पर डीजल उपलब्ध करा सकती हैं।

किसान-पेंशन योजना का वर्तमान स्वरूप उम्र दराज किसानों के लिए किसी भी भांति व्यावहारिक नहीं है। इस महत्वाकांक्षी एवं बहु उपयोगी योजना का रूप इसे बनाने वालों ने इसके उद्देश्य को नष्ट करते हुए इसे एक प्रकार से पीयरलेस, पोस्ट ऑफिस की आवर्ती जमा योजना की तरह का रूप दे दिया गया है, इसका स्वरूप बदला जाए तथा इसे कृषकोन्मुखी एवं व्यावहारिक बनाया जाए।

अव्वल तो कृषि प्रधान देश में कृषि को सही मायने में प्राथमिकता देते हुए कृषि के लिए पृथक बजट पेश किया जाना चाहिए। अब देखना यही है कि निर्मला सीतारमण जी के रेशमी बही-खाते में से तथा हलवे की कड़ाही से किसानों के लिए कितना कुछ हिस्सा निकलता है, और यह किसानों की कड़वी जिंदगी में भी कुछ मिठास घोल पाता है, अथवा हर बार की तरह यह बजट भी किसानों के लिए ऊंची दुकान का फीका पकवान बन के रह जाएगा।


# जनजातीय समुदाय व उनके धर्म

> यह उग्र बहस कि आदिवासियों के पास धर्म का कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है, मूल रूप से एक राजनीतिक रूप से प्रेरित और विदेशी समर्थित प्रचार है जो भारत में विभिन्न चर्चों द्वारा शुरू किया जा रहा है।

**वीके बहुगुणा**
(लेखक संसाधन प्रबंध एवं पर्यावरण केंद्र के अध्यक्ष हैं)



**आ**इए हम समाजशास्त्रियों और अन्य लोगों द्वारा कुछ लोगों को आदिवासी के रूप में नामित करने के सिद्धांत की जांच करें। ईसाई धर्म के प्रभाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से आदिवासियों को स्वदेशी घोषित करने की कोशिश कर रहा है। महान भारतीय सभ्यता के संदर्भ में 'स्वदेशी' का अर्थ, जो घने जंगलों में सिलवन परिवेश में रहने वाले महान संतों के साथ विकसित हुआ, सत्य का उपहास है। आदिवासियों को स्वदेशी कहना या यूं कहें कि उन्हें आदिवासी कहना प्राचीन भारतीय संस्कृति का अपमान है। क्योंकि, आदिवासी परंपराओं का भाषा, संगीत, कला, पेंटिंग, चिकित्सा और निश्चित रूप से प्रकृति की अपने विभिन्न रूपों की पूजा का महान इतिहास है, जिसने सनातन धर्म और परंपराओं को समृद्ध किया। वास्तव में, सभी भारतीय कभी न कभी किसी न किसी जनजाति का हिस्सा रहे होंगे और यह एकतरफा आधुनिक विकास है जो अब आदिवासी और गैर-आदिवासी लोगों के बीच अंतर करता है। दुर्भाग्य से हमारा संविधान भी आदिवासी और गैर-आदिवासी शब्दाडंबर में फंसा हुआ है। यह उग्र बहस कि आदिवासियों के पास धर्म का कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है, मूल रूप से एक राजनीतिक रूप से प्रेरित और विदेशी समर्थित प्रचार है जो भारत में विभिन्न चर्चों द्वारा शुरू किया जा रहा है जो धर्मांतरण में विश्वास करते हैं।



सनातन धर्म जिसे अब हिंदू धर्म के रूप में जाना जाता है, में आदिवासी पूजा के सभी तत्व हैं। आदिवासी क्षेत्रों में अधिकांश देवत्व पर प्रकृति पूजा का प्रभुत्व है और हिंदू धर्म के कई सिद्धांत और उत्सव उनसे लिए गए हैं। कुछ राजनेताओं द्वारा यह तर्क कि आदिवासी लोगों का कभी संगठित धर्म नहीं था, अगर हम देश के इतिहास को देखें तो इसमें कोई दम नहीं है। पहली संगठित जनगणना 1871 में हुई थी - पहली समकालिक जनगणना 1881 में हुई थी - जिसमें 95 प्रतिशत आदिवासी लोगों ने हिंदू धर्म के रूप में अपने धर्म में प्रवेश किया है। उत्तर-पूर्व के केवल दो प्रतिशत लोगों ने जनगणना के दौरान व्याख्यात्मक पूर्वाग्रह के कारण आदिवासी धर्म घोषित किया। 1891 में केवल तीन प्रतिशत को आदिवासी धर्म और बाकी को हिंदू के रूप में दिखाया गया था।

1891 की जनगणना में ईसाई धर्म के संप्रदायों की जानकारी भी एकत्र की गई थी। 1951 में आजादी के बाद पहली जनगणना में 97-98 प्रतिशत आदिवासियों ने हिंदू धर्म को अपना धर्म दिखाया था। कई दशकों बाद जब ईसाई मिशनरियों ने मध्य और पूर्वी भारत में आदिवासियों को धर्मांतरित करना शुरू किया तो प्रकृति पूजा को व्यवस्थित रूप से हिंदू धर्म से अलग करने की मांग की गई। त्रिपुरा में त्रिपुरी, जमातिया और अन्य जनजातियाँ शिव की पूजा करती रही हैं जैसा कि रॉक नक्काशियों में दर्शाया गया है। इसी तरह, देवत्व की सरना पद्धति प्रकृति और आत्माओं की पूजा पर केंद्रित है और सभी प्राकृतिक वस्तुओं को पवित्र मानती है।

इस विश्वास प्रणाली का पालन झारखंड और पड़ोसी राज्यों में कई आदिवासी समूहों द्वारा किया जाता है, और यह पूरी तरह से उनके सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में परिलक्षित होता है। स्वतंत्रता के बाद की जनगणना में धर्म के लिए 'अन्य' वर्ग ने यह भ्रम पैदा किया था क्योंकि जनगणना कर्मचारी इस तरह के आदिवासी विश्वासों को 'अन्य' के रूप में आरोपित कर रहे थे।

आदिवासी बेल्ट में वर्चस्व के लिए कुछ राजनीतिक नेताओं द्वारा ईसाई मिशनरियों और नक्सलियों द्वारा सनातन धर्म के बड़े हिस्से से आदिवासी आबादी को अलग करने के लिए एक सुनियोजित प्रचार शुरू किया गया है। इस लेखक ने फरवरी 2021 के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के एक आदिवासी क्षेत्र का दौरा किया है। मेले के एक कोने में, धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म का उपहास करने वाली किताबें बेच रहा था और एक किताब की सिफारिश कर रहा था, 'आदिवासी हिंदू नहीं हैं।' आदिवासी बेल्ट में ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए मुझे आयोजक, एक विदेशी वित्त पोषित एनजीओ को चेतावनी देनी पड़ी।

आज का मुद्दा आदिवासी लोगों की धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक जीवन में दखल देने का नहीं है। उन्हें सर्वोत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका प्रदान करके उन्हें मुख्यधारा में लाने और उनकी कला, भाषा, संस्कृति और संगीत को संरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## फरमाया



**संशोधन** प्रस्ताव हमारी संघीय राजनीति और राज्य की स्वायत्तता की जड़ पर प्रहार करता है।

**– एम के स्टालिन**
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री



**कोविड** से सबसे ज्यादा नुकसान दिल्ली वालों को हुआ है। हम नहीं चाहते कि आपकी रोजी-रोटी प्रभावित हो लेकिन आपका स्वास्थ्य जरूरी है।

**– अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**एक** बात मुझे परेशान करती है धार्मिक और सांस्कृतिक विभाजन ने मजबूत स्थान बना लिया है।

**– डॉ अनिता बोस**
नेताजी बोस की पुत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सारे जहां से अच्छा

**गणतंत्र** दिवस हममें राष्ट्र के प्रति प्रेम और स्वाभिमान की भावना जगाता है। हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि गणतांत्रिक व्यवस्था में बेहतर गण से ही बेहतर तंत्र का निर्माण होता है। आज यह बहुत जरूरी है कि भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में राष्ट्र के विभिन्न घटकों के बीच परस्पर एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना दृढ़ हो। भारत का लोकतंत्र चुस्त दुरुस्त है किंतु आज आवश्यकता है कि राष्ट्रीय एकीकरण के साथ हम आगे बढ़ें। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ी यह विकास यात्रा आज सबका प्रयास के पड़ाव तक पहुंची है, तो इसके पीछे जनता का अपने नेतृत्व पर कायम अपार भरोसा ही कारण है। जनमानस का एक बहुत बड़ा हिस्सा आज भी अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत है। सीमा पर देश की रक्षा के लिए गोली खाना ही देशभक्ति नहीं हैं, बल्कि अपने दिन प्रतिदिन के काम को ईमानदारी से करना और सामाजिक मर्यादाओं व वैधानिक निर्देशों का पालन करना भी समान रूप से देशभक्ति का परिचायक है। यह सत्य है कि विगत वर्षों में हमने बहुत कुछ कर दिखाया, पर हमें सोने की तरह तपकर आगे बढ़ना होगा, तभी हम कह सकेंगे, 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा।'

**– नितेश मंडवारिया**, वाराणसी

## सफलता का कोई शार्टकट नहीं

**कहा** जाता है सफलता के लिए कभी शॉर्टकट का रास्ता नहीं चुनना चाहिए। खासकर के राजनीति में भाड़े के लोगों के सहारे आप चार मंजिला ईमारत खड़ा करोगे तो उसकी नींव हमेशा कमजोर रहेगी। जैसे इस समय बंगाल में बीजेपी का हो रहा है। जिस पार्टी को 2016 के विधान सभा में महज 10 फीसदी मत मिले थे, वो 2019 के आते आते 40 फीसद को पार कर जाती है। मगर इनका गुरु इससे इतना बढ़ गया की ये पार्टी खुदको को खुदा समाज बैठी। दावा करने लगी के 2021 का विधान सभा में 2 सौ से ऊपर सीटें जीतकर रिकॉर्ड बनाएगी। मगर आज का हालत है की, प्रदेश में, पार्टी अपना अस्तित्व को बचाने को जूझ रही है। इसी रविवार को जमीन से जुड़े दो नेताओं रितेश तिवारी एवं जयप्रकाश मजूमदार को कारण बताओं नोटिस दिया जाता है। बिना किसी उत्तर मिले ही चौबीस घंटों के अंदर दोनों को पार्टी से निलंबित कर दिया जाता है। कमाल तो देखिये पार्टी इसी तरह के मुखर रुख अख्तियार करने के बावजूद तथागत रॉय एवं रूपा गांगुली जैसों पर कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही तक नहीं करती। इस स्थिति के बाद दो बंगाली कलाकारों बोनी सेनगुप्ता एवं शोहेल दत्ता ने बीजेपी को अलविदा कह दिया।

**– जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

## सम्मान ही सच्ची श्रद्धांजलि

**वाकई** यह दुख का ही विषय है कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले सेनानियों पिछले सात दशकों से भुला दिया गया था। मान सम्मान और सुख सुविधाएं मिलना तो दूर की बात उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पाइ और नतीजन वे दर दर की ठोकरें खाते रहे। इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा लगाने की घोषणा किए जाने के बाद ऐसे ही सेनानियों की खोज अवश्य ही करना चाहिए जिन्होंने गुमनामी में रहकर अंग्रेजों से लोहा लिया और स्वतंत्रता आंदोलन में जान फूंकी। आजादी हमें यूं ही नहीं मिल गई थी। कई मां के सपूत और उनके शौहर शहीद हुए हैं तब जाकर हम आज आजादी की सांस ले पा रहे हैं। जब तक राष्ट्र पर मर मिटने वाले ऐसे वीर बलिदानियों की शहादत को नई पीढ़ी के सामने नहीं लाया जाएगा तब तक स्वतंत्रता का स्वाद फीका ही रहेगा। स्वतंत्रता सेनानियों की सार्वजनिक स्थलों पर मूर्तियां लगाने से लोगों विशेषकर युवाओं में राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा जगेगी और यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**– अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

# पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में बेहतर कार्य कर रहे जिले के 36 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में कोरोना से हुए नुकसान की भरपाई करने हेतु संचालित पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 कार्यक्रम में बहुत से शिक्षकों ने बढ़िया कार्य किया है। पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में कार्य कर रहे जिले के पांचों ब्लॉक के 36 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया है। जिसमें गुंडरदेही विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कांदुल में पदस्थ पीतेश्वर साहू, शासकीय प्राथमिक शाला मढ़ियापार में पदस्थ दामिनी साहू, शासकीय प्राथमिक शाला मटिया/मुंदेरा में पदस्थ रोशन लाल चेलक, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला तिलोदा में पदस्थ संजीत कुमार धुर्वे, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला डुंडेरा में पदस्थ भोला राम पटेल, शासकीय प्राथमिक शाला पाऊवारा में पदस्थ चित्रमाला राठी, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला चिचबोड में पदस्थ द्रोण कुमार सार्वा, शासकीय प्राथमिक शाला बघमरा में पदस्थ युगल किशोर देवांगन और शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला मटिया/अ में पदस्थ पुष्पा चौधरी, बालोद विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला करहीभदर में पदस्थ हिमांशी उज्जवला पटेल, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला उमरादाह में पदस्थ महेंद्र ठाकुर, शासकीय हाई स्कूल सांकरा/ज में पदस्थ विवेक ध्रुवे, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला सांकरा/मि में पदस्थ यादव कुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला परसोदा में पदस्थ भगवती ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला गस्तीटोला में पदस्थ लाल रघुवीर सिंह ठाकुर और शासकीय हाई स्कूल जमरूवा में पदस्थ रघुनंदन गंगबोईर, डौंडीलोहारा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खपरी में पदस्थ सुरेंद्र कुमार मंडलोई, शासकीय प्राथमिक शाला मनकी/सु में पदस्थ आशा जोशी, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला रेंगाडबरी में पदस्थ डिकेश साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घीना में पदस्थ कुलेश्वर प्रसाद सिन्हा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आसरा में पदस्थ विजया चुरेन्द्र, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भंवरमरा में पदस्थ कु. रूखमणी देशमुख और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बड़गांव में पदस्थ कादंबिनी यादव, गुरुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पुरूर में पदस्थ मदन लाल साहू, शासकीय प्राथमिक शाला छोटेपारा कपरमेटा में पदस्थ षड्प्रकाश किरण कटेन्द्र, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला पलारी में पदस्थ मनोहर सिंह दीवान, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला ठेकवाडीह में पदस्थ युरानी साहू, शासकीय प्राथमिक शाला मरकाटोला में पदस्थ धीरज कुमार चंदेल, शासकीय प्राथमिक शाला भिरई में पदस्थ कौशल कुमार सर्वे और शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला दरगहन में पदस्थ वेदप्रकाश भेंसले एवं डौंडी विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पथराटोला में पदस्थ शोभा बेंजामिन, शासकीय प्राथमिक शाला भीमाटोला में पदस्थ बिसरू राम यादव, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सूरडोंगर में पदस्थ संजय बंजारे, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठेमाबुजुर्ग में पदस्थ गजेंद्र रावटे, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल साल्हे में पदस्थ शिल्पी राय और शासकीय प्राथमिक शाला ककरेल में पदस्थ टूमन लाल सिन्हा को पुरस्कृत किया गया है।

## तिवारी ने किया ध्वजारोहण



**बेमेतरा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने अपने कार्यस्थल में और अपने गृह ग्राम में ध्वजारोहण किया, इसके बाद राष्ट्रगान गाया। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि 26 जनवरी 1950 में इस दिन संविधान लागू किया गया था, जिसके कई कारण थे। देश स्वतंत्र होने के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान अपनाया था। वहीं, 26 जनवरी 1950 को संविधान को लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू किया गया। इस दिन भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया ।और हमारा संविधान का लौहा पुरी दुनिया मानता हैं। हम सबके लिए बहुत खुशी का दिन है। उसके बाद गाँव में खेल और बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया लोगों को मिठाई का वितरण कर सभी लोगों ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की खुशियाँ मनाई और एक दुसरे को बधाइयाँ दी।

# गणतंत्र दिवस पर न्यू पुलिस लाइन में संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com






जिला मुख्यालय बालोद में राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि छग शासन के संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे ने प्रातः 9 बजे न्यू पुलिस लाईन, सिवनी बालोद में ध्वजारोहण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया। समारोह में शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्ष व उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान की ओर छोड़े गए। समारोह में संसदीय सचिव बंजारे ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह गौठान प्रबंधन समिति व पॉच महिला स्वसहायता समूहों और पढ़ई तुंहर दुआर 2.0 में बेहतर कार्य कर रहे पॉच शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.विनोद कुजूर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ठाकुर, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## 'मास्क' सुरक्षा कवच है करोना संक्रमण से बचने का-विरदी

**थानखमरिया।** इन दिनों हमारा देश कोरोना महामारी की तीसरी लहर से गुजर रहा हैं कोविड-19 का नया वेरिएंट ओमीक्रोन संक्रमण भी बहुत तेजी से फैल रहा है,कोरोना अब शहर से अब गावों मे फैलेगा इस वायरस से बचने पहला उपाय ,मास्क, है। यह वायरस के खिलाफ सबसे सस्ता सुरक्षा कवच है यह एक रोग निरोधी उपकरण है, यह संक्रमण रोक के खिलाफ (युद्ध ) जीतने में एक प्रभावी उपकरण है,बचाव के लिए फेस मास्क जरूर लगाएं हेल्थ गाइड लाइन का पालन करें उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य महेंद्र वीरदी ने कही।

# देसी कट्टे से महिला को गोली मारकर आरोपियों ने किया पुलिस को थे गुमराह

**अपनी ही बहू को गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी सास ससुर एवं पति गिरफ्तार**

पायनियर संवाददाता ⮜ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के थाना कुकदुर में दाऊलाल काठले पिता कुटालू उम्र 55 साल साकिन सनकपाट थाना कुकदुर के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया, कि मेरी बहु मृत हालत में अपने कमरा के बेड रूम में पड़ी है, उसके पेट से मास निकल गया है, कि रिपोर्ट पर थाना कुकदुर में मर्ग क्रमांक 02/2022 धारा-174 जा. फो. कायम कर पुलिस टीम के द्वारा जाँच कार्यवाही के लिए तत्तकाल घटनास्थल पर जाकर देखने पर मृतिका सरिता का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया, तथा मृतिका के पलंग के पास देसी कट्टा भी पढ़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना तत्काल थाना प्रभारी के द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दी गई जिस पर मामला महिला की हत्या का होना से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंद्र बेताल, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल कौशल किशोर वासनिक एवं साइबर सेल टीम, डॉग स्कॉट, टीम को घटनास्थल रवाना किया गया तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी दुर्ग युनिट दुर्ग को बुलाया गया। उक्त टीम के द्वारा घटना स्थल निरीक्षण शव पंचनामा कार्यवाही के दौरान मामला देशी कट्टा से मारकर मृतिका का हत्या करना तथा घटनास्थल पर देसी कट्टा भी पाया गया। जिस पर मामले में अपराध क्रमांक- 05/2022 धारा-302 भा.द.वी. एवं 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामला अत्यंत संवेदनशील होने से मामले की बारीकी से जांच टीम बनाकर की गई तथा आरोपी के विरुद्ध उचित साक्ष्य प्राप्त कर आरोपी का पतासाजी किया गया।

## वन कर्मियों ने मनाया गणतंत्र दिवस



**दल्लीराजहरा।** वन परिक्षेत्र कार्यालय डौंडी में वन कर्मचारियों ने 73 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम वन परिक्षेत्र अधिकारी अब्दुल वहीद खान ने कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया तत्पश्चात वन कर्मचारियों ने तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अब्दुल वहीद खान ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कि आज ही के दिन देश में संविधान लागू किया गया था एवं भारत पूर्ण लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित हुआ था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खेमचंद साहू सहायक परिक्षेत्र अधिकारी डौंडी ,अहिल्या कॉर्डो सहायक परिक्षेत्र अधिकारी महामाया ,हीरामन रावटे, तोरन साहू ,अवधेश साहू ,राम कुमार लोहार ,सौरव यादव ,हर्षा देशमुख, जयचंद हिड़को, गुलेश्वरी साहू ,गोपी साहू सहित डौंडी वन परिक्षेत्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# रिसाली निगम में प्रथम महापौर शशि ने फहराया तिरंगा

पायनियर संवाददाता ⮜ रिसाली
www.dailypioneer.com



73 वे गणतंत्र दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली की प्रथम महापौर शशि सिन्हा ने सुबह 8 बजे मुख्य कार्यालय भवन में तिरंगा फहराया। इसके पहले नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर टंकी ऑफिस पहुंचे और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर महापौर ने राष्ट्रीय पर्व की बधाई देते हुए कहा कि नवगठित रिसाली में यह पहला आयोजन है। गर्व की बात है कि गणतंत्र दिवस के ठीक 4 दिन पहले यहां के भगौलिक स्थिति में बदलाव हुआ और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से बीएसपी ने जमीन हस्तांतरण किया। उन्होंने मंच से कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि लोगों को समय पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो। कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुलझाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम को सभापति केशव बंछोर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अनुप डे, विलास बोरकर, चन्द्रभान ठाकुर, सनीर साहू, ईश्वरी साहू व पार्षदगण उपस्थित थे।

### दो कर्मचारी हुए सम्मानित

गणतंत्र दिवस पर्व के मुख्य आयोजन में प्रभारी मंत्री मो. अकबर ने नगर पालिक निगम के आयुक्त स्टेनो चन्द्रपाल हरमुख व सब इंजीनियर अखिलेश गुप्ता को सम्मानित किया। जिला स्तर के आयोजन में दोनो कर्मचारियों को नगरीय निकाय चुनाव में सामंजस्य बिठाकर बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया। इस पर आयुक्त आशीष देवांगन, सहायक अभियंता आर के जैन, निगम सचिव रमाकांत साहू, अधीक्षक देवव्रत देवांगन, कर्मचारी संघ अध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने बधाई दी।

## सांसद पतिनिधि ने किया ध्वजारोहण



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर संघ भानूप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान ड्राइवर संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व समस्त ड्राइवर भाई की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ध्रुवे ने समस्त ड्राइवर भाइयों को व संघ को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ध्रुवे ने कहा 26 जनवरी 1950 को भारत को अपना संविधान मिला। इसी दिन भारतीय संविधान लागू हुआ और इसी के साथ भारत एक संप्रभुत्त राज्य बन गया, जिसे गणतंत्र घोषित किया गया। डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति की अध्यक्षता की. गणतंत्र घोषित किया गया।

## सीएम का सेवा संघ ने आभार माना

**दल्लीराजहरा।** 73 वें गणतंत्र दिवस की अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शासकीय कर्मचारियों की कार्य क्षमता को वृद्धि करने के लिए सप्ताह में 5 दिवस को कार्य करने की घोषणा को नगरीय निकाय प्रशासनिक सेवा संघ ह्रदय से स्वागत और आभार व्यक्त करता है और इसी शुभेच्छा के साथ कि भविष्य में नगरीय निकाय के समस्त अधिकारी कर्मचारी 5 दिवस जो कार्य दिवस है, उसमें अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर शासन के समस्त योजनाओं कार्यक्रमों एवं लक्ष्य को प्राप्त करने में गंभीर एवं निरंतर मेहनत करेंगे। नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी कोरोना संक्रमण के महामारी के दौर में अपनी पूरी क्षमता के साथ हमेशा अपने नागरिकों की सेवा में लगे रहे हैं। यह घोषणा कहीं न कहीं उनकी क्षमताओं को और उनके परिवार को भी समय देने का अवसर मिलेगा जिससे कि वह अच्छीँ ऊर्जा के साथ अपने कर्तव्यों एवं शासन के निर्धारित दायित्वों का समय सीमा में पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

# जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने ध्वजारोहण कर मनाया 73 वां गणतंत्र दिवस

पायनियर संवाददाता ⮜ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) का पावन पर्व जिला मुख्यालय कवर्धा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी जी का प्रदेश के नाम संदेश जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी द्वारा पढा गया ।सन्देश में बताया गया कि 72 साल पहले आज के दिन स्वतंत्र भारत की संवैधानिक सभा ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान को लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। अगर कोई मुझसे पूछे कि आपका धर्म क्या है, तो मेरा पहला जवाब यहीं होगा; मेरा धर्म भारत का संविधान है। मैं यह नहीं कहता कि हमारा संविधान सबसे उत्तम है। 72 साल बाद भी इसमें कई विसंगतियाँ है। स्वयं डॉक्टर अम्बेडकर ने संविधानिक सभा की चर्चाओं में इस सम्भावना को अनेकों बार स्वीकार किया है किंतु फ्रांसीसी चिंतक रोस की तरह उन्होंने मानवता की अंतर्निहित अच्छाई पर भरोसा करके इन विसंगतियों को दूर करने की जवाबदारी आने वाली पीढियों को सौंप दी थी। इसका सबसे ब?ा कारण विश्व के सबसे प्राचीन और बहुलवादी भारतीय सभ्यता को बिना बच के एक गणतंत्र में संहिताबद्ध करने की अभूतपूर्व चुनौती थी। आज हम एक नई लड़ाई का शंखनाद करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में जितनी भी सामाजिक और आर्थिक बेड़ियाँ है, उनको तोड़कर हम एक ऐसे राज्य के निर्माण के लिए खुद को प्रतिबद्ध कर रहे हैं जहाँ का हर व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से पूरी तरह स्वतंत्र कर बिना किसी भय भेदभाव या अभाव के राष्ट और राज्य के विकास में अपना सम्पूर्ण योगदान दे सके। बहुत संक्षेप में आज मैं आपके समक्ष इसका कार्य योजना प्रस्तुत कर रहा हूँ। कांग्रेस की राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों और दैनिक वेतन भोगियों को नियमितिकरण और संविलियन का आश्वासन दिया था। 3 साल से अधिक समय बीत चुका है किंतु अनियमित या संविदा कर्मचारियों को न तो समान वेतन, न समान मेडिकल और न ही समान पेन्शन का लाभ मिल पा रहा है। इसमें विशेष रूप से पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवा?ी कार्यकर्ता, मितानिन, विकलांग मितान, गौसेवक, प्रेरक, जनभागीदारी शिक्षक, ह्यऋरू कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारी, अतिथि शिक्षक और व्याख्याता, और 8 साल से अधिक विभिन्न सरकारी उपक्रमों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी सम्मिलित हैं। नियमितिकरण के बाद सबको 2004 से पूर्व (ओल्ड) पेन्शन स्कीम का लाभ मिलना चाहिए। 2004 के बाद लागू न्यू पेन्शन स्क्रीन को प्रदेश स्तर पर प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए। सरकार पूर्ण शराब बंदी लागू करने के अपने वादे से मुकर चुकी है। 3 वर्षों में 21 लाख प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास का कार्य का पड़ा है।

## भाजपा के रायपुर ग्रामीण प्रभारी बने कवर्धा के युवा नेता इकराम खान



**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव् साय व संघठन महामंत्री पवन साय जी व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी डॉ सलीम राज जी व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जनाब आरिफ खान की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी व सह प्रभारियों की सूचि जारी की गई है जिसमे हमारे कवर्धा युवा नेता इकराम खान जानु भाई को रायपुर ग्रामीण का प्रभारी बनाया गया साथ ही सह प्रभारी संदीप सिंघई गौरेला पेड्रो को बनाया गया है जिसे लेकर शहर में खुशी का माहौल है इकराम खान को बधाई का दौरा जारी है खान ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह जी विष्णु देव साय जी पवन साय जी पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी सांसद संतोष पाण्डे जी डॉ सलीम राज जी प्रदेश अध्यक्ष आरीफ खान जी शाहिद खान जी सकील अहमद जी जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर जी का और समस्त भारतिय जनता पार्टी के वरिष्ठ जनो पदाधिकारीयो एव कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते ह हुवे कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी मैं उसे पूरी ईमानदारी निभाउंगा।

## सीएम बघेल की घोषणा शासकीय हाईस्कूल भन्डेरा का हायर सेकंडरी में उन्नयन पर अमल ना होना दुर्भाग्यपूर्ण: अभिषेक शुक्ला



पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के पूर्व सभापति अभिषेक शुक्ला ने गुंडरदेही विधानसभा के ग्राम भन्डेरा पहुंचकर किसानों एवं ग्रामीणजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।इस दौरान भन्डेरा की सरपंच एवं ग्रामीणों की बहुत पुरानी मांग शासकीय हाईस्कूल भन्डेरा का हायर सेकंडरी में उन्नयन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 2019 में की गई घोषणा के बाद भी आज पर्यन्त तक पूरा ना होना दुर्भाग्यजनक बताया हैं। शुक्ला ने कहा कि शासन प्रशासन को इस ओर गंभीरता से सोचना चाहिए। यह बच्चों के भविष्य का सवाल है। यहां के बच्चो को पढ़ाई हेतु दूसरे ग्राम जाना पड़ रहा है। कुछ बच्चे दूसरे ग्राम ना जा सकने के कारण अपनी पढ़ाई छोड़ रहे है। जिससे ग्रामीणजनों में काफी आक्रोश है।अभिषेक शुक्ला ने कहा की वे पंचायत पदाधिकारियो एवं ग्रामीणजनों की मांग पर इस मामले में शिक्षा मंत्री से चर्चा कर हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन कराने हर सम्भव प्रयास करेंगे। शुक्ला ने अपने जनसम्पर्क दौरान भन्डेरा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच खोमिन ढाले, रमेश साहू, केदार देवांगन, खेदू जायसवाल, भुवन लाल साहू, मुंशी राम गावरे, मेहतरू राम धनकर, दीपक ढाले, अग्घन धनकर, कुलेश्वर यादव, तुलसी राम रात्रे, नोखे राम चतुर्वेदी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## नवयुवा क्रांति संघ कबीरधाम के युवाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कवर्धा।** कबीरधाम बोड़ला खण्ड के पचराही में निरंतर आये दिनों सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर के नाम नवयुवा क्रांति संघ के युवाओं ने ज्ञापन सौंपा,संगठन के सचिव आत्माराम मेरावी ने कहा है, पचराही के पुल के पास एक खतरनाक मोड़ व खरौदा खुर्द एवं सिंघारी के मध्य जो नाला पुल हैं उसमें बैरिकेट्स (सड़क सुरक्षा) लगवाने के लिए संगठन के माध्यम से आवेदन सौपा है ,जिससे आने वाले समय में दुर्घटना को रोका जा सके व आम जनता की सुरक्षा हो। पूर्व में कई गंभीर हादसे हो चुके है, इस दौराननवयुवा क्रांति संघ कबीरधाम के अध्यक्ष-मानसिंह मेरावी, उपाध्यक्ष-मुकेश धुर्वे, सचिव-आत्मा राम एवं सदस्य - रोशन मेरावी, ओम धुर्वे, मुखी मरकाम, सुखी राम मेरावी, हरिराम सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग सामिल रहे।

**एएसपी प्रज्ञा मेश्राम के इस अनूठी पहल की सराहना**

# 15 गावों में वर्ष 2021 में किसी भी प्रकार के अपराध घटित नहीं होने पर और गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना प्रभारी ने ग्राम प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com







जिले में इन दिनों पुलिस कप्तान सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में कम्युनिटिंग पुलिसिंग पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण गुरुर पुलिस में देखने मिला है। गुरुर थाना पुलिस की अनूठी पहल सामने आई है। गुरुर थाना क्षेत्रान्तर्गत 15 गांव आमापानी, भैंसमुड़ी, करियाटोला, मंगचुवा, रूपुटोला, अलौरी, दुग्गाबाहरा, सोहतरा, पोंड, नाहन्दा, करेंझर, मुस्केरा, नैकुरा, डोकला, नवागांव और खोरदो में साल 2021 में किसी भी प्रकार के अपराध घटित नही होने पर और गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर ग्राम प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र, शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा गांव के छोटे-छोटे मामूली विवाद को गांव स्तर पर निपटाये जाने पर भी जोर दिया गया साथ ही पुलिस को सहयोग करने की अपील भी की गई हैं। थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी के इस अनूठी पहल की चर्चा जिले भर में हो रही है। एडिशनल एसपी प्रज्ञा मेश्राम ने भी थाना प्रभारी के इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि जिले के अन्य थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐसे गांव को भी चिन्हांकित किया जा रहा है, जहां साल 2021 में एक भी अपराध की घटना नही घटी है। जिसके बाद उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा साथ ही कम्युनिटिंग पुलिसिंग पर जोर दिया जा रहा है।

**शहीद के परिजनों को किया गया सम्मान-**

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार बागडे के मार्गदर्शन में गुरुर थाना क्षेत्रांतर्गत देश प्रेम के लिये शहीद हुए वीर जवान ग्राम डोकला निवासी शहीद स्व तिला राम ठाकर, ग्राम कपरमेटा निवासी शहीद स्व. बेदूराम सूर्यवंशी, ग्राम बालोदगहन निवासी शहीद स्व. किशन लाल साहू, ग्राम मुजालगोंदी निवासी शहीद स्व. बालकृष्णा मरकाम एवं ग्राम भेजाजंगली निवासी शहीद स्व. व्यासनारायण विश्वकर्मा के गृह ग्राम जाकर शहीदो के परिवार से मुलाकत कर श्रीफल-शॉल एवं मिठाई भेंट कर सम्मान किया गया।

# विधायक ममता चंद्राकर ने किया ध्वजारोहण, कोरोना वारियर्स को प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस जिला मुख्यालय बेमेतरा सहित पूरे जिले मे उत्साह एवं गरिमामय वातावरण मे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पण्डरिया ममता चंद्राकर ने आज मुख्य समारोह स्थल स्थानीय बेसिक स्कूल ग्राउण्ड मे ध्वजारोहण कर सलामी ली। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम दिए संदेश का वाचन किया। उत्साह उमंग के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश मे उड़ाये। इस मौके पर कोरोना वायरस कोविड-19 के अंतर्गत कोरोना वारियर्स एवं उत्कृष्ट अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र वितरित किये। कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान मे रखते हुए स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम नही रख गया था। परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक संजय सुर्यवंशी ने सम्मान गार्ड का नेतृत्व किया। समारोह मे विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ एएसपी पंकज पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा शकुंतला साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, नगर के गणमान्य नागरिक, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला प्रतिनिधि सहित नगरवासी उपस्थित थे

**मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया:** उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश कीजनता के नाम दिए संदेश का वाचन किया। श्रमिक परिवारों की बेटियों की शिक्षा, रोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए 'मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना' की घोषणा, श्रम कल्याण के प्रयासों को आगे बढ़ाने जिला मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर स्थापित होंगे 'मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केन्द्र', खरीफ वर्ष 2022-23 से दलहन फसलों की भी खरीदी समर्थन मूल्य पर, 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना' के पहली किस्त की राशि एक फरवरी को अंतरित की जायेगी।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने जगदलपुर में किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 73वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में हर्ष और उल्लास के वातावरण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सशस्त्र बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर प्रदेश के निरंतर विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो, नीतियों, योजनाओं तथा उपलब्धियों पर केन्द्रित जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों के लिए विभिन्न योजनाओं की घोषणाएं की।

छत्तीसगढ़ में श्रम कल्याण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर 'मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केन्द्र' की स्थापना की जाएगी। इसी तरह श्रमिक परिवारों की बेटियों की शिक्षा, रोजगार, स्व-रोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए भी आज मैं एक नई योजना की घोषणा करता हूं, जो 'मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना' के नाम से जानी जाएगी। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत 'छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल' में पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों के बैंक खाते में 20-20 हजार रूपए की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। मुझे यह कहते हुए खुशी है कि नई फसलों और इससे संबंधित किसानों को बेहतर दाम दिलाने की दिशा में हम एक और बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। आज मैं यह घोषणा करता हूं कि आगामी खरीफ वर्ष 2022-23 से प्रदेश में दलहन फसलों जैसे मूंग, उड़द, अरहर की खरीदी भी न्यूनतम मूल्य पर की जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा- छत्तीसगढ़ की ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि मजदूरी पर निर्भर है, जिन्हे खरीफ सीजन के बाद रोजगार का संकट हो जाता है। ऐसे भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए हमने 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना' के तहत इसी वित्तीय वर्ष से लाभ देने की भी घोषणा की थी। जिसके तहत प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए प्रदान करने का प्रावधान है। दिसम्बर 2021 में विशेष ग्राम सभाओं से पात्र हितग्राहियों का अंतिम चयन हो चुका है। गणतंत्र दिवस के तत्काल पश्चात 1 फरवरी को पहली किस्त की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा-जब हम अपने गौरवशाली संविधान की बात करते हैं तो हमारी आंखों के सामने उन अमर शहीदों के चेहरे नजर आते हैं, जिनकी बदौलत भारत आजाद हुआ था अमर शहीद गैंदसिंह, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुण्डाधूर जैसी विभूतियों की बदौलत 1857 की क्रांति के पहले से हमारा छत्तीसगढ़, भारत की राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा था। आजादी के आंदोलन से लेकर गणतंत्र का वरदान दिलाने तक जिन महान विभूतियों ने अपना योगदान दिया, उन सबकों मैं सादर नमन करता हूं। हमारे दूरदर्शी पुरखों ने आजादी की लड़ाई के साथ-साथ आजाद भारत के संविधान का सपना ही नहीं देखा था, बल्कि इसकी ठोस तैयारी भी शुरू कर दी थी। यही वजह है कि हमारे संविधान में देश की विरासत, लोकतांत्रिक मूल्य, पंचायत की अवधारणा को अहम स्थान मिला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, प्रथम विधि मंत्री बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, प्रथम उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल, प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद सहित, संविधान निर्माण की प्रक्रिया में शामिल महानुभावों और उस दौर की विभूतियों ने भारत के नवनिर्माण की नींव रखी थी, उसी पर देश बुलंदियों के नए-नए शिखरों पर पहुंचा है। मैं उन सभी के योगदान को याद करते हुए सादर नमन करता हूं। आज जब हम अपने देश की पावन पहचान, तिरंगे झण्डे की छांव में खड़े होते हैं तो आन-बान और शान से लहराते हुए तिरंगे में हमें अपनी महान विरासत के अनेक रंग दिखाई पड़ते हैं, जो हमे भाव-विभोर करते हैं और गौरव का अहसास दिलाते हैं। हमें अपनी आजादी को बचाने, गणतंत्र को मजबूत करने, संविधान के प्रति आस्था और निष्ठा दोहराने के लिए प्रेरित करते हैं। हमें इस बात का पुरजोर अहसास होता है कि हमारा संविधान ही हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों का प्रणेता है, इसे सहेजकर रखना हम सबका परम कर्त्तव्य है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा- मेरा मानना है कि आज भी हमारी सबसे बड़ी जरूरत आपसी एकता की है, समन्वय की है, आपसी प्यार और सहभागिता से आगे बढ़ने की है, ताकि नकारात्मक विचारों को किसी भी क्षेत्र में स्थान न मिल पाए। हमारी जरूरत सद्भावना के साथ विकास की है। हर हाथ को काम देने की है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद एक नया अवसर मिला था कि सही प्राथमिकताओं से विकास की सही दिशा तय की जाए लेकिन विडम्बना है कि डेढ़ दशक का लंबा समय गलत प्राथमिकताओं के कारण खराब हो गया। हमें तीन वर्ष पहले जब जनादेश मिला तो हमने छत्तीसगढ़ में न्याय, नागरिक अधिकारों और जन-सशक्तीकरण का काम मिशन मोड में किया है।

## श्रमिक परिवारों की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना, प्रथम दो पुत्रियों के खाते में 20-20 हजार रूपए एकमुश्त भुगतान

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को कई सौगातें दी। उन्होंने बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में ध्वजारोहण के बाद प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश के दौरान कई नई घोषणाएं की। उन्होंने अनियमित भवन निर्माण के नियमितीकरण के लिए इसी वर्ष एक व्यवहारिक, सरल एवं पारदर्शी कानून बनाने की घोषणा की। इससे अनेक नागरिक प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे और वे अपनी मेहनत से किए गए निर्माण को नियमित कराकर स्वाभिमान से जीवन-यापन एवं रोज़गार कर सकेंगे। उन्होंने रिहायशी क्षेत्रों में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों के नियमितीकरण के लिए भी आवश्यक प्रावधान किए जाने कि घोषणा की जिससे हजारों व्यवसाई आत्मविश्वास के साथ अपना व्यवसाय संचालित कर सकें। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने गणतंत्र दिवस भाषण में प्रदेश में नगर निगम से बाहर के ऐसे क्षेत्र जो निवेश क्षेत्र में शामिल हैं, वहां 500 वर्गमीटर तक का भवन विन्यास बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के तय समय-सीमा में जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि नगर निगमों में 500 वर्गमीटर तक के भवनों में मानवीय हस्तक्षेप के बिना 'डायरेक्ट भवन अनुज्ञा प्रणाली' प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने नगरीय-निकायों में नल कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को 'डायरेक्ट भवन अनुज्ञा' की तर्ज पर मानवीय हस्तक्षेप मुक्त बना कर समय-सीमा में नल कनेक्शन दिए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासकीय पट्टे की भूमियों को फ्री होल्ड किए जाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने शहरी क्षेत्रों में आबादी, नजूल एवं स्लम पर स्थित पट्टों को फ्री होल्ड करने का निर्णय लिया था, जिससे नागरिकों को भूमि-स्वामी का हक प्राप्त हुआ। अब इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने माता की पूजा अर्चना कर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना की



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान माँ दंतेश्वरी मंदिर में मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर बस्तर एवं प्रदेश की जनता की खुशहाली की कामना की।

## मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज जगदलपुर के लालबाग परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह के पश्चात सिरहासार भवन के नजदीक स्थित शहीद स्मारक अमर जवान ज्योति में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू, सभापति कविता साहू, कमिश्नर श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक पी. सुन्दरराज, कलेक्टर रजत बसंल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# जिले में गरिमामय ढंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस, विक्रम शाह मंडावी ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बीजापुर के मिनी स्टेडियम मैदान में आयोजित 73वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। वहीं पुलिस और नगर सेना की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी गयी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विक्रम शाह मंडावी द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इस दौरान हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे व कबूतर आकाश में छोड़े गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडावी ने शहीद जवानों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया एवं कुशल-क्षेम पूछा। इसके साथ ही कोरोना




वारियर्स चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों, पुलिस जवानों, स्वच्छता कर्मचारियों तथा वालेंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिय उद्दे, नगरपालिका परिषद बीजापुर के अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, पंचायत पदाधिकारी और डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेन्द्र कुमार ठाकुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. पंकज शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर देवेश कुमार ध्रुव, वन मंडलाधिकारी अशोक पटेल तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार में थर्मल स्केनिंग और सैनेटाईजर की व्यवस्था सहित मास्क की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गयी थी।

## एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक ने फुटबॉल ग्राउंड में किया ध्वजारोहण



**किरंदुल।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह इस वर्ष कोविड 19 वायरस से बचाव के दृष्टिगत जारी मापदंडों का अनुपालन करते हुए फुटबाल ग्राउंड में मनाया गया। परियोजना के अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन ने ध्वजारोहण किया तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के परेड का निरीक्षण कर सलामी ली तथा अपने सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने विगत वर्ष की उपलब्धियों का बखान किया, जिनमें से नैगम सामाजिक दायित्व के तहत किये गए कार्यो के लिए परियोजना को मिले अपेक्स इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड तथा परियोजना के कर्मचारियों को क्वालिटी कंट्रोल सर्किल के लिए मिले राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों का विशेष रूप से उल्लेख किया। इस अवसर पर किरन्दुल परियोजना के 54 कर्मचारियों को बेस्ट वर्कर का अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) विनय कुमार, सीआईएसएफ के कमांडेंट मनमोहन सिंह, कार्मिक विभाग के विभागाध्यक्ष बी के माधव सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, एमएमडब्ल्यू यूनियन के ए के सिंह, विनोद कश्यप, राजेन्द्र यादव, राकेश लाल, एसकेएमएस अध्यक्ष के साजी सहित बड़ी संख्या में परियोजना के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## जहां कभी गूंजते थे लाल सलाम के नारे वहां सुनाई दे रही जन गण मन की धुन

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के घोर नक्सल प्रभावित कोहकामेटा ग्राम में 73वे गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित ग्राम कोहकामेटा में जहाँ कभी नक्सलियों का राज हुआ करता था और पूरे वादियों में लाल सलाम के नारों की गूंज सुनाई देती थी पर अब जन गण मन की धुन सुनाई दे रही है। अबूझमाड़ के इस गाँव में 73वे गणतंत्र दिवस को ग्रामीणों एवं शासकीय कर्मचारियों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोहकामेटा में पदस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं 102 महतारी एक्सप्रेस कर्मचारियों ने स्वास्थ्य केन्द्र के सामने डॉ.नीलेश नागेश द्वारा ध्वजारोहण किया। उपस्थित कर्मचारियों एवं ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रगान का वाचन किया गया ततपश्चात कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमे देश भक्ति गानों में डांस किया गया। सभी ग्रामीणों ने बड़ी धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व को मनाया। इस अवसर पर अनिल सिन्हा, अंशू नाग, सुकमा वड्डे, मुरली सिन्हा, एलिश डेविड एवं अन्य कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मजदूर पलायन पर मूकदर्शक बने हैं क्षेत्रीय विधायक व जिला प्रशासन : मुदलियार



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में मनरेगा के तहत कई कार्य होने के बावजूद भी मजदूरों का पलायन नही थम रहा,पलायन रोकने में जिला प्रशासन पूरी तरह से विफल साबित हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगातार मजदूर पलायन के मुद्दे पर सरकार और जिला प्रशासन को घेरा जा रहा है,इसके बावजूद भी आये दिन सैकड़ों मजदूर दूसरे प्रदेश पलायन कर रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्रीय विधायक और जिला प्रशासन पर पलायन रोकने में नाकाम होने का आरोप लगाया है। मुदलियार ने कहा , क्षेत्र में मनरेगा के तहत कई कार्य हो रहे है जिसमे अपने चहेतों को काम देकर मशीनों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है जो प्रशासन की मिलीभगत में काम कर रहे है जिस कारण मजदूर पलायन कर रहे हैं प्रशासन और क्षेत्र के विधायक मूकदर्शक बनकर बैठे हैं। जबकि इसके पहले भी शासन-प्रशासन और विधायक के संज्ञान में भी लाया गया,किंतु सभी की भागीदारी होने से कोई कार्यवाही नही हो सका है। पूरे देश मे इन दिनों कोविड काल चल रहा है,ऐसे में पलायन आदिवासी मजदूरों पर कोविड का भी खतरा रहेगा,जिला कलेक्टर को संज्ञान में लेकर जल्द ही पलायन रोकने की उचित व्यवस्था किया जाना चाहिए।

## लूट, हत्या का प्रयास, आगजनी राजद्रोह, विस्फोटक पदार्थ एवं आर्म्स एक्ट के मामले मे दो माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना पामेड़ से जिला बल एवं कोबरा 204 केरिपु 151, 196 का संयुक्त बल एरिया डॉमिनेशन डयूटी पर धरमारम की ओर निकली थी। संयुक्त टीम के द्वारा एरिया डॉमिनेशन डयूटी के दौरान धरमारम के जंगलों से थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत लूट, हत्या का प्रयास, आगजनी, राजद्रोह, विस्फोटक पदार्थ, आर्म्स एक्ट के मामले में शामिल 02 माओवादियों सीतैया बोड़के पिता रामा उम्र 32 वर्ष निवासी धरमारम थाना पामेड़, गुण्डी किस्टैया पिता पेंटा उम्र 48 वर्ष निवासी धरमारम थाना पामेड़ को पकड़ा गया । जो थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 23.11.2003 को जिला बल एवं छ्सबल की संयुक्त टीम को मतदान केन्द्र धरमारम की चेकिंग कर थाना वापसी के समय बम विस्फोट कर फायरिंग करने की घटना में शामिल, दिनांक 12.9.2004 को तोंगगुड़ा और तिपापुरम के मध्य वेतन पार्टी पर बम विस्फोट कर फायरिंग की घटना में शामिल, दिनांक 08.6.2005 को थाना पामेड़ में फायरिंग की घटना में शामिल, दिनांक 10.06.2005 को तोंगगुड़ा और तिपापुरम के मध्य पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के उद्देश्य से आईइडी प्लांट करने में शामिल, दिनांक 15.06.2005 को पामेड़ तोंगगुड़ा मार्ग पर टिफिन बम लगाने की घटना में शामिल, दिनांक 29.8.2019 को रासपल्ली के जंगलों में पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना में शामिल, दिनांक 03.01.2019 को धरमारम रोड निर्माण कार्य में लगे टेक्टर में आगजनी की घटना में शामिल, दिनांक 18.06.2019 को जीड़पल्ली के ग्रामीण विजय गुण्डी के धर से दैनिक राशन सामग्री, मवेशी, पलंग, आलमारी, दरवाजा, सोलर प्लेट, बैटरी आदि लूट की घटना में शामिल। पकड़े गये दोनो माओवादियों सीतैया बोड़के के विरूद्ध 03 और गुण्डी किस्टैया के विरूद्ध 05 स्थाई वारंत थाना में लंबित पाया गया। थाना पामेड़ में उक्त दोनो माओवादियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

# चोलनार में मंत्री कवासी लखमा ने किया सामुदायिक भवन एवं देवगुड़ी का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



एक दिवसीय प्रवास पर प्रदेश के आबकारी एवम उद्योग मंत्री कवासी लखमा किरन्दुल पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने कई निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया तथा गुरुवार को उन्होंने किरन्दुल के समीपवर्ती ग्राम पंचायत चोलनार के सरपंच पारा में आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी द्वारा 09 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन एवं देवगुड़ी का लोकार्पण किया।इसके अलावा मंत्री लखमा ने चोलनार जुनापारा में 10 लाख की लागत से दो पुलिया निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन भी किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, एएमएनएस के महाप्रबंधक जी राघवेलु,सीएसआर प्रमुख डॉतेजप्रकाश, रामचंद्रन, चोलनार सरपंच भीमा मण्डावी, समलवार सरपंच सुखराम कुंजाम, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश सचिव राजू भास्कर, सांसद प्रतिनिधि नंदा कुंजाम,टिकन पाल सरपंच देवसिंह ताती,ग्राम प्रमुख पंजामी मण्डावी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## आबकारी मंत्री कवासी लखमा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**किरन्दुल।** आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा का एक दिवसीय किरन्दुल दौरा रहा। सर्वप्रथम किरन्दुल 4 न में मंत्री लखमा का कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया।जिसके बाद युवा कांग्रेस के पद्धाबाइक रैली के माध्यम से सर्व आदिवासी समाज भवन के भूमिपूजन स्थल में मंत्री को लाया गया।जहां पूरे विधि विधान से सर्व आदिवासी समाज के भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन किया।बता दें 49 लाख की लागत से इस भवन निर्माण कार्य पूरी की जाएगी।इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक देवती, सुलोचना कर्मा, नपा अध्यक्ष मृणाल राय,बचेली पालिका अध्यक्ष पूजा साव, के ए पापाचन,सांसद प्रतिनिधि आर राजू रेड्डी, राजेन्द्र मृणाल, मीना मण्डावी, तपन दास जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगीरोड कोटा में डॉ सुषमा सिंह ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता कोटा
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगीरोड कोटा में 73 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व को मनाने के लिए डॉ. सुषमा सिंह जी (संस्थापक एवं अध्यक्ष निदान संस्था बिलासपुर) के मुख्यातिथ्य ,समिति के अध्यक्ष वेंकट लाल अग्रवाल जी की अध्यक्षता, वासुदेव रेड्डी जी (विद्यालय संचालन समिति के कोषाध्यक्ष), देवेंद्र सिंह ठाकुर जी (शिक्षक शासकीय डीकेपी विद्यालय कोटा), मोहन गुप्ता जी (सेवानिवृत्त शिक्षक), सतीश तिवारी जी सेवानिवृत्त रेंजर के विशिष्ट अतिथि में राष्ट्रीय ध्वज का पूजन कर ध्वजारोहण किया गया, इस अवसर पर मां सरस्वती, ब्रह्म स्वरूप ओम, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुषमा सिंह ने गणतंत्र दिवस पूरे भारतवर्ष में किस लिए मनाया जाता है एवं भारतवर्ष का नाम भारतवर्ष क्यों पड़ा आदि विभिन्न विषयों पर सारगर्भित उद्बोधन देते हुए सभी छात्र- छात्राओं को राष्ट्र के लिए एक सक्षम नागरिक बनने का संकल्प कराया उन्होंने कहा कि भारतवर्ष को पुनः विश्व गुरु के स्थान पर स्थापित करना है इसके लिए हमेंअपने देश से भुखमरी, गरीबी बेरोजगारी एवं अन्य कुरीतियों को दूर करना है साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर के संस्कार, पढ़ाई- लिखाई एवं देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होने की शिक्षा देने का भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष वेंकट लाल अग्रवाल जी ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कहां कि छात्र- छात्राएं भविष्य के एक ईमानदार, देशभक्त, सक्षम और श्रेष्ठ नागरिक है जो सरस्वती शिशु मंदिर के के संस्कारों के अनुसार आप जहां भी हो रहेंगे देश हित में पूर्ण ईमानदारी और तन मन धन से काम करते रहेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देवेंद्र सिंह ठाकुर जी ने कहा कि अपने भारत के आन, बान और शान को बनाए रखने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। मोहन गुप्ता जी ने हमारे संविधान की महत्ता को और अधिक से अधिक लोगों तक प्रत्यक्ष पहुंचाने के लिए शासन से अनुरोध करते हुए कहा कि हमारे संविधान का एक-एक प्रति सार्वजनिक स्थानों या संस्थाओं में रखा जाना चाहिए ताकि लोग देख सके कि हमारा संविधान किस प्रकार का है। इस अवसर पर निदान संस्था बिलासपुर की ओर से स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वच्छ स्वास्थ्य के लिए महिला शिक्षकों एवं छात्राओं को सेनेटरी पेड दिया गया ,साथ ही साथ छात्र- छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज की महत्ता को समझाते हुए राष्ट्रध्वज प्रदान किया गया एवं सभी अतिथियों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रेश यादव, आचार्यों में राजकुमार साहू, लक्ष्मी नारायण पांडे, संतोष गंधर्व, कुमारी रुकमणी गंधर्व, आशा गुप्ता, कुमारी मनोरमा गुप्ता, सुखसिंह कैवर्त, श्रीमती रजनी साहू, श्रीमती शोभा चौहान, प्यारी मानिकपुरी, संतोष यादव उपस्थित थे।

## लेंसकार्ट ने गणतंत्र दिवस पर 73 स्टोर लॉन्च किए

**रायगढ़।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते ओमनी-चैनल आई-वियर ब्रांड लेंसकार्ट ने 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के 46 शहरों और 19 राज्यों में कुल 73 स्टोर्स लॉन्च किए। लेंसकार्ट का लक्ष्य वित्त वर्ष 2022 में कुल 400 स्टोर स्थापित करना है। लॉन्च किए गए 73 स्टोर्स में तमिलनाडु में 17 स्टोर्स, कर्नाटक में 10 और तेलंगाना एवं केरल में 6-6 स्टोर्स शामिल थे। इसके साथ ही कंपनी ने अगले महीने फरवरी में अपना 1000वां स्टोर स्थापित करने की काउंटडाउन शुरू कर दी है। गणतंत्र दिवस पर शुरु किये गए 73 स्टोर्स लॉन्च में बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, गुजरात, छत्तीसगढ़ और पंजाब जैसे राज्य भी शामिल हैं। लेंसकार्ट विजन केयर में सबसे बड़े रिटेल नेटवर्क के साथ भारत में सबसे बड़ा आईवियर ब्रांड है और गणतंत्र दिवस के लॉन्च के साथ इसका उद्देश्य देश में नेटवर्क का और विस्तार करना और उसे मजबूत करना है। इस अवसर पर लेंसकार्ट के सह-संस्थापक अमित चौधरी ने कहा कि हमें 73वें गणतंत्र दिवस पर एक ही दिन में देश में 73 स्टोर लॉन्च करने की बड़ी खुशी है। लेंसकार्ट में हमारा विजन लोगों के दुनिया को देखने और अनुभव करने के तरीके को बदलना है।

## कलर्स पेश करता है एक रोमांटिक थ्रिलर 'फ़ना- इश्क में मरजावां'

**मुंबई।** वह उसकी परवाह करता है, इसलिये उसने उसको लेकर एक खूबसूरत काल्पनिक दुनिया बना ली है। वह उसकी सुरक्षा करना चाहता है, इसलिये हमेशा ही उस पर कड़ी नजर रखता है। वो इसे प्यार का नाम देता है, लेकिन क्या यह वाकई प्यार है, या यह सिर्फउसका जुनून? प्यार की सभी भावनाओं पर रोशनी डालने के लिए कलर्स इस साल का पहला फिक्शन लॉन्च करने को तैयार है, 'फ़ना-इश्क में मरजावां'। एक दिलचस्प नई कहानी के साथ, यह शो एक रोमांचक प्रेम कहानी के जरिये प्यार और दोस्ती के कॉन्सेप्ट को नये सिरे से पेश करेगा। यह पाखी (रीम समीर शेख अभिनीत), अगस्त्य (ज़ैन इमाम अभिनीत) और ईशान (अक्षित सुखिजा अभिनीत) के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। ये लोग खुद को एक अजीबोगरीब स्थिति में पाते हैं, जो उनकी जिंदगी उलट-पुलट कर रख देता है। दीप्ति कलवानी और करिश्मा जैन द्वारा निर्मित, इस शो का प्रीमियर 31 जनवरी 2022 को रात 10:30 बजे केवल कलर्स पर होगा। इस शो के बारे में, मनीषा शर्मा, चीफकंटेंट ऑफिसर, हिन्दी मास एंटरटेनमेन्ट, वायाकॉम 18 का कहना है, 'लव स्टोरी के साथ थ्रिलर का मेल किसी भी शो के लिये एक परफेक्ट रेसिपी है। हमारे दर्शकों को 'इश्क में मरजावां' फ्रेंचाइजी से कुछ बेहद ही अद्भुत कहानियां देखने को मिली हैं और एक बिलकुल नये तरह का अध्याय 'फ़ना इश्क में मरजावां' पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

## प्रैडिसइंस्टीट्यूट ऑफएजुकेशन (पीआईई) ने 7,999 रुपये की सबसे सस्ती कीमत पर सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किया है




**रायपुर।** नए लॉन्च किए गए एडटेकस्टार्टअप, प्रैडिसइंस्टीट्यूट ऑफएजुकेशन (पीआईई) ने एक उत्कृष्ट पाठ्यक्रम शुरू किया है। क्योंकि ज्ञान ही शक्ति है, प्रैडिसइंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (पीआईई) देश भर के छात्रों को सर्वोत्तम ज्ञान प्रदान करने के लिए केंद्रित है। सभी माता-पिता और छात्रों के लिए केक पर एक चेरीकेजैसाहै, प्रैडिसइंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (पीआईई) के शानदार शैक्षिक कार्यक्रम INR 7,999 / - की सस्ती दर पर। छात्र अब अपने प्रारंभिक वर्षों से प्रभावी पाठ्यक्रम का लाभ उठा सकते हैं क्योंकि प्रैडिसइंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (पीआईई) सीबीएसई, आईसीएसई और राज्य बोर्ड में किंडरगार्टन (केजी) -12 के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं (एनईईटी और जेईई) के साथ कार्यक्रम प्रदान करता है। प्रादिसइंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (PIE) ने पहले ही 3 लाख से अधिक डाउनलोड और 1 लाख सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं और यह एडटेक सेक्टर के चरम पर जा रहा है।

## रॉनी स्क्रूवाला और इंदु शाहनी के एटलस स्किलटेक यूनिवर्सिटी के सलाहकार बोर्ड की बैठक हुई

**दिल्ली।** पिछले साल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021 को शुरू किये गए महाराष्ट्र के पहले एटलस स्किलटेक यूनिवर्सिटी के सलाहकार बोर्ड की 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस पर पहली बैठक हुई। मुंबई जैसे वाणिज्यिक जिले के बीचोबीच स्थित वैश्विक उत्कृष्टता वाला यह अपने आप में पहला विश्वविद्यालय है। सलाहकार बोर्ड की बैठक में अगले 4 वर्षों में उसे भारत के एक प्रमुख संस्थान बनाने के लक्ष्य, पैमाने और महत्वाकांक्षा पर विस्तार से बातचीत की गई। सलाहकार बोर्ड में प्रसिद्ध कॉर्पोरेट और शिक्षा जगत के विश्वविख्यात लीडर्स एचडीएफसी के दीपक पारिख अध्यक्ष, डॉ इंदु शाहनी (संस्थापक अध्यक्ष एटलस), रॉनी स्क्रूवाला और मयंक कुमार (अपग्रैड), राम राघवन (कोलगेट), केशव मुरुगेश (डब्ल्यूएनएस), करण सिंह (बैन), विवेक पंडित (मैकिन्से), जमील खत्री (केपीएमजी), अनंत गोयनका (सिएट), अंजलि बंसल (अवाना), आर्यमन बिड़ला (आदित्य बिड़ला समूह), संजय गुरबक्सानी (मोंडेलेज), प्रोफेसर रसविंटर (एनवाईयू-स्टर्न), प्रोफेसर टिम मार्शल (आरएमआईटी) और कैरॉल किम (पार्सन्स) शामिल हैं।

# प्रगतिशील यादव महासंघ में 73वें गणतंत्र दिवस की धूम




**रायपुर।** कोरोना संक्रमण की लुकाछिपी के बीच शासकीय कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने शहीद स्मारक भवन परिसर स्थित अपने कार्यालय में 73वें गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाया। महासंघ के संरक्षक श्री श्यामलाल यादव जी, से. नि.पोस्टल डिप्टी डायरेक्टर श्याम सुंदर सिंह और सीनियर सिटीजन यादव मातृशक्ति यथा भागीरथी यदु, भारती बाला यादव, शारदा यादव के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। हरदोई उत्तरप्रदेश से पधारे एनसीसी ऑफिसर सूर्यनाथ यादव जी ने अपने संभाषण में गणतंत्र दिवस की गरिमा, संविधान निर्माण की प्रक्रिया और समय के महत्व पर प्रकाश डाला। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया की इस पावन प्रसंग पर मुकेश तिवारी और विनय शर्मा द्वारा गांधीजी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए, पीर पराई जाने रे" की प्रस्तुति ने तिरंगे की इंद्रधनुषी छटा को और मनमोहक बना दिया। श्री जगदीश दुबे और सरदार दलजीत सिंह पट्टी के देशभक्ति गीतों ने लोगों में जोश भर दिया। इस अवसर पर छः ग. किसान कल्याण संघ के अध्यक्ष ज़्श्री पप्पू घनश्याम यादवज़ एवम राहुल ट्रेवल्स के संचालक ज़्श्री राहुल यादवज़ का बर्थडे सेलीब्रेट किया गया। तत्पश्चात छः ग. कांग्रेस सरकार द्वारा ओबीसी प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर देव यादव जी का अभिनंदन किया गया। गुलाबी ठंड दरमियान उपस्थित जनसमुदाय चाय की चुस्की और पारम्परिक मिष्ठान लड्डू-सेव बूंदी के सेवन के बीच देशभक्ति धुनों में मंत्रमुग्ध से थिरकते रहे। देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत श्री राकेश यदु, श्री रविंद्र सिंह यादव, श्री राजकुमार यादव, श्री प्रवीण यदु, श्री अशोक यादव, श्री तेज बहादुर यादव, श्री अजय यादव, श्री रजनीश यादव और श्रीमती अरुणा यादव ने राष्टीय पर्व को सफल बनाने में एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।

## एनटीपीसी में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत में 26 जनवरी 2022 को 73वां गणतंत्र दिवस समारोह बहुत ही हर्षोल्लास एवं सद्भावना से कोविड-19 दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मनाया गया। इस पावन पर्व पर मुख्य अतिथि, के एस नायक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) स्टेशन प्रभारी ने कमलाकर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सीपीजी-2) की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस दौरान बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ सामूहिक राष्ट्रगान गायन किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि महोदय नायक ने सी.आई.एस.एफ. के परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सी.आई.एस.एफ. के जवानों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन के माध्यम से देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए, समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों उनके परिजनों, स्कूली छात्र-छात्राओं को 73वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। के एस नायक ने एनटीपीसी की उपलब्धियों को याद करते हुए कहा कि एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता संयुक्त उद्यमों सहित 67907.5 मेगावाट है।

## एक्सिस बैंक को तीसरी तिमाही में हुआ 3,614 करोड़ का कर पश्चात मुनाफा

**रायपुर।** भारत के तीसरे सबसे बड़े प्राइवेट बैंक, एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही, और नौ महीने के अपने परिणामों की घोषणा की। इसने अभी तक का सबसे अधिक तिमाही शुद्ध मुनाफा 3,614 करोड़ रु. दर्ज कराये, जिसमें वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही के 1,117 करोड़ रु. के मुनाफे की तुलना में 224 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष और 15 प्रतिशत की तिमाही-दर-तिमाही की वृद्धि हुई है। बैंक की शुद्ध ब्याजीय आय वित्त वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही के 7,900 करोड़ रु. और वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही के 7,373 करोड़ रु. से 17 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही में 8,653 करोड़ रु. हो गयी। वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही का इसका शुद्ध ब्याजीय मार्जिन (एनआईएम) 14 आधार अंक तिमाही-दर-तिमाही बढ़कर 3.35 प्रतिशत हो गया। कासा जमा में 25 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष और 7 प्रतिशत की तिमाही-दर-तिमाही की वृद्धि हुई, जबकि कासा अनुपात 189 आधार अंक बढ़कर 44 प्रतिशत हो गया। बैंक के परिचालन राजस्व में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही के 10,302 करोड़ रु. से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही में 12,493 करोड़ हो गया। 31 दिसंबर, 2021 तक, बैंक ने क्रमशः 3.17 प्रतिशत और 0.91 प्रतिशत का सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए दर्ज कराया, जो 30 सितंबर, 2021 को क्रमशः 3.53 प्रतिशत और 1.08 प्रतिशत था।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा रानी सागर में सादगी के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस




**कोटा।** 26 जनवरी 2022 को कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों का स्वागत कर तिलक चंदन लगाकर किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि व अतिथियों द्वारा भारत माता व शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सुरेश पांडे जी (सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट बिलासपुर छत्तीसगढ़) व अतिथि श्री टी आर निराला जी (सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट बिलासपुर छत्तीसगढ़) तथा देव कुमार कनेरी जी (सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट बिलासपुर छत्तीसगढ़) द्वारा ध्वजारोहण संपन्न हुआ द्य कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व अतिथियों का सम्मान पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया।

## ओमिक्रोन का Makemyhouse.com की भर्ती पर नहीं होगा कोई असर

**रायपुर।** भारतीय स्टार्ट-अप अपनी कंपनियों में नई भर्ती का दौर 2022 में भी जारी रखेंगे, और इस पर कोविड-19 की तीसरी लहर का असर होने की कोई संभावना नहीं है। जैसे जैसे ग्राहकों का रुझान समय के साथ बदलते हाई टेक उत्पादों की और बढ़ता जा रहा है, वैसे वैसे स्टार्टअप अपने कार्यबल में भी वृद्धि कर रहे हैं।

Makemyhouse.com जो की एक ऑनलाइन आर्किटेक्चर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी है, अपने सभी ग्राहकों को अपना घर बनाने के लिए उनके अनुरूप डिजाईन प्रदान करती है। इस एप पर घर के नक्शों का एक विस्तृत संकलन है जो पूरी तरह से मुफ्त हैं आपके अगले घर के लिए। एक बार जब कोई ग्राहक किसी नक़्शे को पसंद कर ले, तो उसके आधार पर ड्राइंग का एक पूरे सेट बनाना आसान हो जाता है।

**न्यालाय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार ::-

क्रमांक क/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 07.01.2022
श्री विक्रांत सोनी पिता स्व. श्री संतोष कुमार सोनी एवं अन्य दो, निवासी मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)
.................. आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन
..................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री विक्रांत सोनी पिता स्व. श्री संतोष कुमार सोनी एवं अन्य दो,** निवासी मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-डी, प्लाट नं. 134/2, क्षेत्रफल 81 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर आवेदक नजूल रिकार्ड में वैधानिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक **28.01.2022** को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज **दिनांक 07.01.2022** को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)
मुहर

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा. प्र. क्र. ...............अ-06 अ वर्ष 2021-22
ग्राम - मोहरेंगा प.ह.नं.-33

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमलाल पिता बिसौहा जाति कुर्मी निवासी ग्राम मोहरेंगा प.ह.नं. 33 तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 601, 602, 603, 604/1 का रकबा क्रमशः 0.045, 0.045, 0.081, 0.024 हे. भूमि आवेदक को पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार प्राप्त हुआ था। जिस पर आवेदक दखल व काबिज है। वाद भूमि राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण का नाम दर्ज हो चुका है जिसे अपने नाम पर दर्ज कर सुधार करने आवेदन पत्र पेश किया है।

तत्संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11-2-22 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.1.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
खरोरा
मुहर

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

//निविदा आमंत्रण//

क्रमांक/ 2832/जपं/DMF/2021-22 कांकेर/दिनांक 21/01/2022

कलेक्टर (जिला खनिज संस्थान न्यास निधि) जिला उत्तर बस्तर कांकेर के आदेश क्रमांक/10983/कले./डीएमएफ/प्रशा. स्वी./2021-22 कांकेर दिनांक 05.01.2022 के द्वारा सोलर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट स्थापना 30 नग फत्तेचंद ग्राम पंचायत मरकाटोला हेतु निर्माता/सप्लायर से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कोरे निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय की संबंधित शाखा से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर (आयकर/वाणिज्य कर/अधिकृत विक्रेता के प्रमाण पत्र सहित) दिनांक 25.01.2022 को सायं 4.00 बजे से पूर्व कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किये जा सकते है। अमानत राशि डी.डी./नगद जमा की जावेगी। निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | लागत प्रति ईकाई | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सोलर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट स्थापना 30 नग फत्तेचंद (मरकाटोला) | 0.48000 | 14.40000 | 30000/- | 750.00 | 01 माह |

टीपः-
1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 25.01.2022 समय अपरान्ह 4.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31.01.2022 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 31.01.2022 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक।
4. शर्ते तथा सामग्री स्पेशिफिकेशन विवरण की जानकारी कार्यालयीन दिवस में (छुट्टी के दिनों को छोड़कर संबंधित शाखा से प्राप्त की जा सकती है।)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत कांकेर

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
(पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| विष्णु प्रसाद सेन, श्रीमती संतोष बाई सेन खाता सं. LNDUR02118-190097532 & LNDUR01819-200107767 | 22 जनवरी 2022 ₹ 291411/- & ₹ 222124/- 11 जनवरी 2022 | सम्पत्ति स्थित पी.एच. नं. 14, खसरा नं. 283/3, घुघवा, आर.एन.एम. भीलाई 3, तह. पाटन, जिला दुर्ग, छत्तिसगढ़, क्षेत्रफल 204.47 वर्ग मीटर |

स्थान : जयपुर दिनांक 28.01.2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**Piramal Capital & Housing Finance**

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। [illegible]

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003544) [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002699) [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| (रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000228) राम कुमार रजक (कर्जदार) | [illegible] | [illegible] |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 28-01-2022
स्थान : छत्तीसगढ
हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.मा.क्र./202112200800019/ब-121/2021-22
मौजा- बोरगांव

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मानकूराम** पिता **स्व. ठीबऊ राम,** जाति **मुरिया,** निवासी ग्राम **बोरगांव,** तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम बोरगांव, प.ह.नं.-38 राजस्व निरीक्षक मंडल- गोलावण्ड, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि ख.नं. 2/22 रकबा 0.2020 हेक्टेयर की भूमि राजस्व अभिलेख में शामिलात नाम से दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु तलवाना, थाना रिपोर्ट, बी-1, शपथ पत्र, अदेय प्रमाण पत्र एवं चालान की मूल प्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि **19.01.2022** तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **20.01.2022** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मर्दापाल
जिला- कोण्डागांव
मुहर

**न्यालाय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार ::-

क्रमांक क/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 07.01.2022
श्री रितेश वाधवा पिता बलराम वाधवा
निवासी दाऊपारा मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.).................. आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन
..................अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण/अनावेदक ग्राम/मोहल्ला करही मुंगेली जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिका **श्री रितेश वाधवा पिता स्व. श्री बलराम वाधवा,** निवासी दाऊपारा मुंगेली, तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा मुंगेली करही स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 67, प्लाट नं. 66/1 में से क्षेत्रफल 300 वर्गमीटर को अपने नाम पर आबंटित किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला करही मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल भूमि आबंटन प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में यदि किसी संस्था या कोई वाद भूमि पर हक रखने वाले को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक **08.02.2022** को न्यायालयसमय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज **दिनांक 21.01.2022** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)
मुहर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

-: त्रुटिसुधार इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 441/2021-2022
वार्ड का नाम - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54 वार्ड में स्थित भवन / भूमि 54/ जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मॉं शारदा बिल्डकॉन द्वारा भा. 1. श्री महेश धनगर S/o डोलूराम धनगर 2. शारदा धनगर W/o महेश धनगर** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती भान बाई साहू W/o माधव राम साहू** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

-: त्रुटिसुधार इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 438/2021-2022
वार्ड का नाम - रानी दुर्गावती वार्ड क्र.-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती वार्ड क्र.-50 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **50/B-11 हेप्पी होम्स** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती महुआ घोष W/o बीमन घोष** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती हर्षा ओबेरॉय S/o श्री कप्पल ओबेरॉय** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

-: त्रुटिसुधार इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 440/2021-2022
वार्ड का नाम - रानी दुर्गावती वार्ड क्र.-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती वार्ड क्र.-50 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **50/E-304 गोल्डन स्काई** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती प्रदीप कुमार सिंह S/o अकक्षेबर सिंह** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अरविंद मिश्रा S/o सुरेश चंद्र मिश्रा सागरिका मिश्रा W/o अरविंद मिश्रा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 285/2021-22
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्र.-60** स्थित भवन/भूमि क्र. 60/52/**F**/586 **रावतपुरा फेस-2 मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती आरती दावड़ा पति श्री गोपाल दावड़ा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती आरती सिका पति श्री सुनील सिका** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 281/2021-22
वार्ड का नाम- शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्र. 62

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्र.-62** स्थित भवन/भूमि क्र. 62/**K**/87 **आर.डी.ए. प्लाट क्रं. 282 संजय नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती महमूदा बानो पति स्व. एम.ए. गफ्फार** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती तबस्सुम नाज पति मोहम्मद अब्दुल मुस्तफा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नंबर 0771-2535780,90 फैक्स 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 286/2021-22
वार्ड का नाम- चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्र.-60** स्थित भवन/भूमि क्र. 60/52/**F**/265 **फेस-2 मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **श्री अशोक साहू पिता श्री शोभित राम साहू** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री प्रदीप कुमार पाली पिता श्री गोपाल प्रसाद पाली** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
मुहर

## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**अमृता कौशिक**
अध्यक्ष, नगर पंचायत कोटा

**प्रदीप कौशिक**
सांसद प्रतिनिधि

## नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



एक वृक्ष सौ पुत्र सामान
वृक्ष लगाएं जीवन बचाएं

**वेल्कम डिस्टलरी प्रा. लि.**
छेरकाबांधा कोटा

## अंचलवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




**पाटील रेल इनफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.**
कोटा

## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**अशोक कुमार सवन्नी**
AFO, कोटा

## की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




**अशोक कुमार तिवारी**
ई.ई. जल संसाधन विभाग कोटा

## नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**जे.पी.चौधरी**
SDO, लोक निर्माण विभाग कोटा

## अंचलवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**विजय ताण्डे**
BEO, कोटा

## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**ललिता भगत**
CEO, जनपद पंचायत कोटा

## क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**गजेन्द्र देव सिंह**
परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग कोटा

## नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




**पी.सी. आहिरे**
प्रबंधक सेवा सहकारी समिति, गनियारी

## अंचलवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**रवि कुमार साहू**
प्रबंधक सेवा सहकारी समिति, नेवरा

## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**नत्थू लाल यादव**
प्रबंधक सेवा सहकारी समिति, धुमा

## क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




**माधव सिंह चौहान**
ब्रांच मैनेजर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, कोटा

## नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



**लतीफ खान**
प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति, बेलगहना

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
## पायनियर
में समाचार एवं विज्ञापन
के लिए संपर्क करें



**अंकित सोनी**
संवाददाता, कोटा, मो. 98935-90915

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



विनीत
पशुधन विकास विभाग, दंतेवाड़ा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




विनीत - परिवहन विभाग, दंतेवाड़ा

समस्त जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
विनीत - जिला शिक्षा अधिकारी
शिक्षा विभाग, दंतेवाड़ा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग
बिलासपुर

प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



रामशरण यादव
महापौर-बिलासपुर नगर निगम

समस्त पार्षद एवं एमआईसी सदस्य
नगर पालिक निगम, बिलासपुर

प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं






शैलेष पांडेय
विधायक-बिलासपुर



















संकलन कर्ता :- विमल सिंह, ब्यूरोचीफ, दंतेवाड़ा मोबाईल - 9407729120

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403